CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 351 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 16 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st





# जयपुर में दुनिया ने पहली बार देखी भारत की भैरव बटालियन, आधुनिक गियर और ड्रोन शक्ति से धुजने लगा दुश्मन

**राजधानी जयपुर में महल रोड पर पहली बार मिलिट्री छावनी के बाहर भव्य परेड का आयोजन, पांच जांबाज को मरणोपरांत मिलिट्री मेडल पुरस्कार प्रदान किए गए, भव्य परेड के दौरान मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेमचंद बेरवा तथा राजस्थान सरकार के कई मंत्री और सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** गुरुवार की सुबह गुलाबी नगरी जयपुर के लिए स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गई। इंडियन मिलिट्री के 78 वे आर्मी डे के अवसर पर गुरुवार सुबह 10:00 बजे जयपुर के जगतपुरा स्थित महल रोड पर एक भव्य और ऐतिहासिक आर्मी डे परेड का आयोजन किया गया यह आयोजन न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक रहा क्योंकि पहली बार मिलिट्री ने अपनी वार्षिक परेड को किसी सैन्य छावनी के बंद घेरे से निकलकर आम जनता के बीच लाने का निर्णय लिया था क्यों खास है 15 जनवरी हर साल 15 जनवरी मनाया जाता है इसी दिन साल 1949 में फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा ने अंतिम ब्रिटिश कमांडर इन चीफ जनरल फ्रांसिस से इंडियन मिलिट्री की कमान संभाली थी। गुरुवार को हुआ यह आयोजन इस गौरवशाली विरासत और आधुनिक भविष्य का संगम था ।

**भैरव बटालियन आकर्षण का केंद्र**
गुरुवार की परेड में पूरी दुनिया की नजरे भैरव बटालियन पर टिकी रही जो पहली बार सार्वजनिक रूप से दुनिया के सामने आई आधुनिक हाइब्रिड युद्ध की बलि प्रकृति को देखते हुए इस यूनिट का गठन किया गया है । यह पारा स्पेशल फोर्सज और नियमित इन्फेंट्री के बीच एक ब्रिज का काम करती है यह बटालियन विशेष रूप से ड्रोन आधारित युद्ध और मल्टी डोमेन ऑपरेशंस के लिए ट्रेंड है ऑपरेशन सिंदूर केअनुभवों ने इस बटालियन की नींव रखने में बड़ी भूमिका निभाई है कठिन और दुर्गम इलाकों में दुश्मन के ठिकानों पर सटीक और त्वरित हमला करने की क्षमता इसे सबसे अलग बनाती है ।

**आसमान से फूलों की बारिश** मिलिट्री के तीन चेतन हेलीकॉप्टरों ने आसमान से परेड ग्राउंड पर फूलों की पंखुड़ियां वर्षा कर माहौल को उत्सव जैसा बना दिया ।

**मेड इन इंडिया हथियारों का दम** परेड में इंडियन मिलिट्री की उन्नत हथियार प्रणालियों और बकतर बंद वाहनों का भव्य प्रदर्शन हुआ जिसमें भारत का मुख्य युद्ध टैंक अर्जुन, के-9 ब्रज और धनुष तो वह दुनिया की सबसे बड़ी तेज ब्रह्मोस मिसाइल प्रमुख थे ।

**मशीनी योद्धा रोबोटिक डॉग की एंट्री** परेड का आकर्षण रोबोटिक डॉग भी रहा यह चार पैरों वाला रोबोट कठिन रास्तों और मलबे के बीच जासूसी और हमला करने में सक्षम है यह रोबोटिक डॉग बिना जान जोखिम में डालें दुश्मन के बंकर में घुसकर डाटा भेजने की क्षमता रखता है ।

**संस्कृति और शौर्य का संगम** सैन्य शक्ति के साथ-साथ राजस्थान की सांस्कृतिक झलक भी देखने को मिली जिसमें प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए जयपुर की जनता सुबह से ही बड़ी संख्या में महल रावण पहुंच राजस्थान की सांस्कृतिक झलक भी देखने को मिली जिसमें प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए जयपुर की जनता सुबह से ही बड़ी संख्या में महल रोड पहुंच गई थी ।

**बाइक स्टंट ने रचा इतिहास** हथियारों के प्रदर्शन के बाद मैदान पर जांबाज अपनी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए और उन्होंने भव्य परेड में अपने करतब दिखाये जवानों ने चलती बाइक पर 10 फीट ऊंची सीडी पर चलकर सेल्यूट किया लोटस फॉर्मेशन और चलती बाइक पर योग के आसान ने विदेशी मेहमानों को भी हैरान कर दिया यह प्रदर्शन केवल साहस नहीं बल्कि इंडियन मिलिट्री के अनुशासन और एकाग्रता का प्रतीक था।

**जयपुर के आसमान में अपाचे की गर्जना, प्रचंड हेलीकॉप्टर के साथ दिखाई हवाई ताकत** परेड ग्राउंड के ऊपर से अपाचे हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी उनके साथ स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर प्रचंड भी तालमेल बिठाते दिखे आसमान में मिलिट्री की इस जुगलबंदी ने दर्शकों का दिल जीत लिया ।

**गौरवशाली शुरुआत और सम्मान** मुख्य अतिथि मिलिट्री प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी की मौजूदगी में जयपुर के महल रोड पर आयोजित हुए इस परेड कार्यक्रम में जनरल द्विवेदी ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले पांच जांबाज सैनिकों को मरणोपरांत आर्मी मेडल वीरता पुरस्कार प्रदान किया उपेंद्र द्विवेदी ने यह पदक सूबेदार मेजर पवन कुमार हवलदार सुनील कुमार लांस नायक दिनेश कुमार लांस नायक सुभाष कुमार लांस नायक प्रदीप कुमार को समर्पित किए गए पुरस्कार समारोह के बाद परेड कमांडर के साथ परमवीर चक्र और अशोक चक्र जैसे सर्वोच्च पदों के विजेताओं ने सलामी मंच का अभिवादन किया ।

## गौरवशाली शुरुआत और सम्मान

मुख्य अतिथि मिलिट्री प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी की मौजूदगी में जयपुर के महल रोड पर आयोजित हुए इस परेड कार्यक्रम में जनरल द्विवेदी ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले पांच जांबाज सैनिकों को मरणोपरांत आर्मी मेडल वीरता पुरस्कार प्रदान किया उपेंद्र द्विवेदी ने यह पदक सूबेदार मेजर पवन कुमार हवलदार सुनील कुमार लांस नायक दिनेश कुमार लांस नायक सुभाष कुमार लांस नायक प्रदीप कुमार को समर्पित किए गए पुरस्कार समारोह के बाद परेड कमांडर के साथ परमवीर चक्र और अशोक चक्र जैसे सर्वोच्च पदों के विजेताओं ने सलामी मंच का अभिवादन किया द्य

## 'नामिक' को भी परेड में शामिल किया गया

भव्य परेड में नामिक को भी शामिल किया गया यह पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली है एक बार मिसाइल छूटने के बाद यह दुश्मन के टैंक का पीछा करके उसे तबाह कर देती है चाहे टैंक अपनी लोकेशन बदल ही क्यों ना ले नाम इसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह रात और दिन दोनों समय और किसी भी मौसम में दुश्मन को खोज निकालने में सक्षम है द्य

## भीष्म टैंक का आगमन, धुजने लगीजयपुर की धरती

भव्य परेड में जैसे ही टी 90 विश्व में टैंक के दस्ते ने महल रोड पर प्रवेश किया उनके इंजनों की भारी गर्जना से पूरा इलाका गूंज उठा यह टैंक इंडियन मिलिट्री के मैग्नेटाइज्ड कलाम का नेतृत्व कर रहे हैं इनके फौलादी ट्रैक जब जमीन से गुजर रहे थे तो दर्शकों का जोश देखने लायक था, यह टैंक हंटर किलर क्षमता से सुसज्जित है यानी यह रात के अंधेरे में भी दुश्मन को ढूंढ कर उसे सटीक निशाना बना सकता है यह किसी भी किले को ध्वस्त करने में सक्षम है यह टैंक केवल अपनी टॉप के लिए ही नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए भी मशहूर है इसमें लगा एक्सप्लोसिव रिएक्टिव इसे दुश्मन की मिसाइल से सुरक्षित रखता है द्य

## घुड़सवार और ऊंट दस्ते भी परेड का आकर्षण रहे

भव्य परेड में रेगिस्तान की तपती रेत और दुर्गम रास्तों का बेताज बादशाह सीमा सुरक्षा बल और मिलिट्री का ऊंट का दस्ता अपनी अलंकृत वेशभूषा में जब मंच के सामने से परेड करता हुआ गुजारा तो हर कोई इस दस्ते को देखता रह गया द्य

## नेपाली आर्मी की कदमताल

इस भव्य आर्मी परेड में नेपाल की आर्मी की टुकड़ी ने भी इंडियन मिलिट्री के जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मार्च किया यह दृश्य दोनों देशों के बीच गहरे सैन्य रिश्तों का प्रमाण है द्य इस परेड में नेपाल आर्मी की टुकड़ी को देखकर हर कोई यह कह रहा था कि वास्तव में नेपाल भारत का सच्चा और अच्छा दोस्त है

## भव्य परेड में आर्मी प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि इंडियन आर्मी में राजस्थान का बड़ा योगदान है


भव्य परेड कार्यक्रम में आर्मी के उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि हम भविष्य के युद्ध की जरूरत के मुताबिक अपनी आर्मी को तैयार कर रहे हैं इसके लिए नई संरचनाओं तैयार की जा रही है इसके लिए भैरव बटालियन शक्ति रेजीमेंट दिव्यास्त्र बैटरी यह सब इसका उदाहरण है । उन्होंने कहा कि हम ऐसे संसाधन पर भी जोड़ दे रहे हैं जो मिलिट्री और सिविल दोनों ऑपरेशंस ने मदद करें तकनीक का उपयोग जवान को और सक्षम बनाने में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आर्मी में कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने के प्रयास किया जा रहे हैं आज की परेड परंपरा और परिवर्तन के बेहतर संगम को दर्शाया है। नेपाल आर्मी बैंड ने हमारे मजबूत संबंधों को दर्शाया है द्य उपेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि हम आर्मी डे को राजस्थान लाना चाहते थे इंडियन आर्मी में राजस्थान का बड़ा योगदान है यहां की माटी में शैतान सिंह भाटी पैदा हुए अब्दुल हमीद हुए इसीलिए यहां की मिट्टी में ही शौर्य और वीरता है मैं जयपुर के नागरिकों और सरकार को भी धन्यवाद देना चाहूंगा ।उन्होंने कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा संदेश यह है कि इंडियन आर्मी हर तरह तैयार है साथ ही हम भविष्य की लड़ाई के लिए तैयार हैं यह लड़ाई हर दिन बदलती है इसीलिए इंडियन आर्मी समय के साथ अपने को बदलती रहेगी । उन्होंने कहा कि इंडियन आर्मी का जवान सरहद पर खड़े रहता है इसीलिए यह हमारी जिम्मेदारी है कि उनके परिवारों का ख्याल रखें

# जयपुर में गरजे राजनाथ सिंह और बोले आर्मी हमारी ताकत, 2047 तक बनेगी दुनिया की सबसे ताकतवर आर्मी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** गुरुवार को राजधानी जयपुर में इंडियन आर्मी की परेड का आर्मी डे पर भव्य आयोजन हुआ यह चौथी बार है जब आर्मी डे परेड दिल्ली के बाहर आयोजित हुई और पहली बार सैन्य छावनी से बाहर आयोजित की गई इसलिए 15 जनवरी का दिन राजस्थान के लिए हमेशा हमेशा के लिए यादगार बन गया जब जयपुर में महल रोड पर जयपुर के लोगों ने इस भव्य परेड को अपनी आंखों से देखा राजस्थान सरकार को पहली बार ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी का गौरव मिला गुरुवार को ही सवाई मानसिंह स्टेडियम में शौर्य संध्या का आयोजन किया गया जिसमें रक्षा मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए द्य इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत में आर्मी हमेशा नागरिकों के साथ मिलकर काम करती है और देश के हर क्षेत्र में इसकी मिसाल देखने को मिलती है जनता का आर्मी पर अटूट विश्वास ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है सैनिक जनता के परिवार का हिस्सा है और जनता जानती है कि वह कभी निराश नहीं करेंगे उन्होंने कहा कि इंडियन आर्मी आज दुनिया के लिए शांति दूत के रूप में उभरी है और वर्ष 2047 तक इस दुनिया की सबसे मजबूत आर्मी बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं द्य रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया का माहौल इस समय स्थिर नहीं है ऐसे में आर्मी का मजबूत आत्मनिर्भर और अत्यधिक होना बहुत आवश्यक है युद्ध के तरीके बदल रहे हैं और आज कुछ भी अप्रत्याशित नहीं है ऐसे समय में हमारी आर्मी हमारी प्राथमिक ताकत है उन्होंने सेनन में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने के लिए किया जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दिशा में धीरे-धीरे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं आर्मी में आने की इच्छा रखने वाले युवाओं से अपील करते हुए सिंह ने कहा कि यह केवल नौकरी नहीं बल्कि देश सेवा का सर्वोत्तम अवसर है यदि युवाओं में देश के प्रति प्रेम और चुनौतियों से जूझने का साहस है तो आर्मी उनके लिए सबसे उपयुक्त क्षेत्र है

## *पड़ोसी दुश्मन राष्ट्र को दिया कड़ा संदेश*



*अपने भाषण में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि इंडियन आर्मी ने ऑपरेशन सिंदूर में जो प्रदर्शन किया उसे पूरी दुनिया ने देखा और अब पूरी दुनिया को यह एहसास हो गया है कि भारत को दुनिया का कोई भी देश आंख नहीं दिखा सकता उन्होंने कहा कि भारत हमेशा पूरे विश्व में शांति चाहता है लेकिन अगर कोई भारत की तरफ आंख उठा कर देखेगा तो भारतीय आर्मी ठीक उसी तरह से जवाब देने के लिए तैयार बैठी है जैसा उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान करारा जवाब दिया था उन्होंने कहा कि भारत सबसे मैत्री भाव से रहना चाहता है लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो प्यार की भाषा नहीं समझते उन्हें फिर उसी भाषा में समझाना पड़ता है उन्होंने कहा कि भारतीय आर्मी भारत का गौरव है और भारत के लोग आर्मी का पूरा सम्मान और जरूरत पड़ने पर पूरा सहयोग भी करते हैं जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के लोगों ने सैनिकों की मदद की उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में तेजी से विकास की बुलंदियों को छुआ है और भारत को आज पूरी दुनिया सम्मान की निगाह से देखती है विश्व मंच पर भारत की बात को सुना जाता है और सम्मान दिया जाता है*

# एक बड़े कारोबारी के जोधपुर, बीकानेर नागौर में कई ठिकानों पर इनकम टैक्स के छापे


जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** प्रदेश में जोधपुर के एक बड़े कारोबारी के विभिन्न ठिकानों पर इनकम टैक्स विभाग की ओर से गुरुवार को छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया यह छापामार कार्रवाई जोधपुर, नागौर और बीकानेर में कारोबारी के कई ठिकानों पर छापे मारे गए हैं खबर लिखे जाने तक विभिन्न ठिकानों पर बरामद किए गए डिजिटल डाटा, कंप्यूटर हार्ड डिस्क और अन्य दस्तावेजों की जांच पड़ताल की जा रही है प्रारंभिक जांच पड़ताल में लाखों रुपए की अवैध कमाई उजागर होने की बात भी सामने आई है जानकारी के अनुसार जोधपुर में मथुरादास सरकारी अस्पताल के सामने शास्त्री नगर में एक बड़े कारोबारी घनश्याम सोनी का आवास है इस आवास पर इनकम टैक्स की एक विशेष टीम ने गुरुवार की सुबह पहुंची और सोनी के आवास पर सेकंड जांच पड़ताल शुरू की इस दौरान जोधपुर में बासनी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सोनी के प्रतिष्ठान पर इनकम टैक्स के जांच पड़ताल शुरू की गई है इसके अलावा बीकानेर में भी सोनी के प्रतिष्ठान पर इनकम टैक्स की छापामार कार्रवाई के जाने की सूचना मिली है जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स के अधिकारी गुरुवार की सुबह ही दिल्ली से जोधपुर विमान से पहुंचे थे इससे पहले नागौर में भी सोने के ठिकानों पर इनकम टैक्स की टीम की ओर से जांच पड़ताल की गई थी जानकारी के अनुसार घनश्याम सोनी अलग-अलग वस्तुओं का बिजनेस करते हैं और उनके विभिन्न कारोबार पर इनकम टैक्स पिछले कुछ महीनो से कड़ी निगरानी रखे हुए थी ।इनकम टैक्स की ओर से गुपचुप में सोनी के विभिन्न बिजनेस गतिविधियों की जानकारी हासिल की गई जिसमें बड़े पैमाने पर आयकर चोरी किए जाने के पुख्ता सुराग भी इनकम टैक्स के हाथ लगे हैं इसीलिए इनकम टैक्स ने सोनी के विभिन्न ठिकानों पर गुरुवार को एक साथ छापा मार करवाई को अंजाम दिया गया

# मां भारती की रक्षा के लिए राजस्थान देश में अग्रणी, आर्मी परेड को राष्ट्रीय पर्व की तरह मनाया: भजनलाल शर्मा

**सवाई मानसिंह स्टेडियम में शौर्य संध्या के ऐतिहासिक आयोजन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, सीडीएस, आर्मी प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ और सैन्य अधिकारी मौजूद रहे**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं)** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुरुवार को शौर्य संध्या के ऐतिहासिक आयोजन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोर देकर कहा कि मां भारती की रक्षा के लिए राजस्थान की जनता और राजस्थान के सैनिक हमेशा अग्रणी रहे हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान सदियों से शक्ति और भक्ति का पूरे देश में प्रमुख केंद्र रहा है और राजस्थान के युवा सदियों से देश की रक्षा के लिए कुर्बानी देने में हमेशा आगे रहे हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान के प्रत्येक घर में युवा आर्मी में अपना भविष्य बनाने के लिए तत्पर रहता है जो यह दिखाता है कि राजस्थान के युवाओं में देश के प्रति कितना प्रेम है उन्होंने कहा कि राजस्थान की सीमा से सबसे लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा जुड़ी हुई है और यहां का हर घर राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रभक्त से जुड़ा हुआ है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान सदियों से वीरों की भूमि रही है यहां बप्पा रावल से लेकर महाराणा प्रताप महाराणा कुंभा महाराणा सांगा और महाराजा सूरजमल जैसे महान सपूतों ने विदेशी आक्रांताओं के दांत खट्टे किए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी राजस्थान के वीर सैनिकों ने बड़ी संख्या में मां भारती की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति थी उन्होंने कहा कि सगत सिंह तिरुमल शैतान सिंह जैसे अनेक वीर योद्धाओं ने देश की सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी उन्होंने कहा कि राजस्थान के कन-कन में शक्ति और भक्ति का वास है और यहां के युवा आर्मी में जाकर देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं अभी भी चाहे आर्मी स्कूल में दाखिला की बात हो या फिर एनडीएस मैं दाखिले की बात हो हर जगह राजस्थान के युवा बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दिखाते हैं ।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार जताया

अपने भाषण में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार जताते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज राजस्थान में इस भव्य परेड का पहली बार खुले में आयोजन हुआ उन्होंने कहा कि इस भव्य परेड के आयोजन से न केवल राजस्थान की जनता बल्कि पूरा देश और पूरी दुनिया भारत की राष्ट्रीय एकता अखंडता राष्ट्र प्रेम और शक्ति से रूबरू हुआ है उन्होंने कहा कि राजस्थान में आर्मी डे के आयोजन में किए गए कार्यक्रमों को 15 लाख लोगों ने अपनी आंखों से देखा और करोड़ों लोगों ने देश और पूरी दुनिया में सोशल मीडिया के माध्यम से देखा उन्होंने कहा कि इस आयोजन से एक तरफ राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रभक्ति के प्रति लोगों का भाव और मजबूत हुआ है तो दूसरी तरफ पूरी दुनिया भारत की सैन्य शक्ति से रूबरू हुई है और यह कार्यक्रम राजस्थान के इतिहास में हमेशा हमेशा के लिए स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया है उन्होंने कहा कि हमने आर्मी डे परेड कार्यक्रम को उत्सव की तरह नहीं बल्कि राष्ट्रीय पर्व की तरह मनाया है और इसके लिए मिलिट्री प्रमुख और सैन्य अधिकारी तथा इसभव्य परेड में शामिल होने वाले सभी सैनिक बधाई के पात्र हैं उन्होंने कहा कि हम चाहते थे कि आर्मी डे परेड का कार्यक्रम खुले में आयोजित हो और हमारे इस ऑफर को सैन्य अधिकारियों ने स्वीकार किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोर देकर कहा कि हमने पिछले 2 साल में भूतपूर्व सैनिकों और शहीद सैनिकों के लिए कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है जिसमें हमने द्वितीय विश्व युद्ध में भूतपूर्व सैनिकों की पेंशन राशि में बढ़ोतरी की इसके अलावा दिवंगत सैनिकों के परिजनों को बड़ी संख्या में भूमिका आवंटन किया है तथा सैनिकों की शिकायतों के समाधान के लिए कई जगहों पर नए केंद्र खोले गए हैं तथा कई शैक्षणिक संस्थाओं के नाम दिवंगत सैनिकों के नाम पर रखे गए हैं तथा हमारी सरकार दिवंगत सैनिकों के परिजनों की सुरक्षा और उनके कल्याण के लिए हमेशा कार्य करती रहेगी ।

CMYK

# वन राज्यमंत्री शर्मा ने नगर निगम कार्यालय में किया विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु सहायता शिविर का अवलोकन

### सरकार की मंशानुरूप केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान कर मूलभूत कार्यों को मौके पर सम्पादित करने के दिए निर्देश

### आमजन से संवाद सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जागरूक रहकर लाभ उठाने के लिए किया प्रेरित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने नगर निगम कार्यालय में आयोजित विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु सहायता शिविर का अवलोकन किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने शिविर का अवलोकन कर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों को सरकार की मंशानुरूप केंद्र व राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री पालनहार इत्यादि जनकल्याणकारी योजनाओं जोडकर उन्हें लाभांवित करावे। साथ ही मौके पर ही मतदाता पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आदि कार्य पूर्ण कर राहत प्रदान करें। शिविर के अवलोकन के दौरान मंत्री शर्मा ने पाया कि शिविर में आधार कार्ड नहीं बनाए जा रहे थे, इस पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि 16 जनवरी को पुनः शिविर आयोजित कर पात्र व्यक्तियों के आधार कार्ड बनाए जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि अधिक से अधिक व्यक्ति इन शिविरों का लाभ उठा सके, इसके लिए इन शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

#### संवाद कर योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया प्रेरित

उन्होंने शिविर में मौजूद आमजन से संवाद कर कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार द्वारा आमजन के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न जनकल्याणाकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, जिनका जागरूक रहकर ना केवल स्वयं लाभ उठावे, बल्कि अपने आसपास के अन्य व्यक्तियों को इन योजनाओं का लाभ उठाने हेतु जागरूक करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगाए जा रहे विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविरों का उद्देश्य घुमन्तु समुदाय के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्तियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित कराकर उनके मूलभूत कार्यों को एक ही छत के नीचे पूर्ण कर विकास की मुख्य धारा से जोडना है। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया श्री रामायणी हनुमान मंदिर का 23वा स्थापना दिवस, हुआ भंडारे का आयोजन


जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** श्रीरामायणी हनुमान मंदिर के 23वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ भंडारे का आयोजन हुआ। हनुमान टीला सेवा दल के अध्यक्ष जनक सिंह ने बताया कि मंदिर के 23वीं स्थापना दिवस के उपलक्ष में 27 दिसंबर 2025 से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जहां श्री रामचरितमानस के पाठ, सत्संग, पौष बड़े का आयोजन हुआ। इसके साथ ही बुधवार की रात को भजनों का आयोजन हुआ, जिसमें शहर के नामी कलकारों ने बाबा के गुणगान किए। अध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार को भंडारे का आयोजन हुआ, जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने पंगत में बैठकर पर प्रसादी पाई। भंडारे में प्रसादी का आयोजन शाम तक चला। इस मौके पर मंदिर को विद्युत रोशनी से सजाया गया।

## राजस्थान ब्राह्मण महासभा की महिला प्रकोष्ठ की सपना भारद्वाज बनीं प्रदेश महिला उपाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**अलवर/जयपुर।** आल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित एस. डी. शर्मा की सहमति से सपना भारद्वाज को राजस्थान ब्राह्मण महासभा की प्रदेश महिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह नियुक्ति राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम जैमिनी के निर्देशानुसार प्रदेश महिला अध्यक्ष अरुणा गौड़ ने दी है। जहां सपना भारद्वाज अलवर को महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। ज्ञात रहे कि सपना सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक महिला हैं।

## नगर निगम कार्यालय में हुआ विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर का आयोजन

### 16 फरवरी को नगर निगम व पंचायत समिति सभागार मालाखेडा में होगा शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार घुमन्तु समुदाय विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु के व्यक्तियों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम कार्यालय परिसर में घुमन्तु समुदाय विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर आयोजित हुआ। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि शिविर में घुमन्तु समुदाय के व्यकितयों के मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं मुख्यमंत्री पालनहार आदि कार्य किए गए। उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर को पुनः नगर निगम कार्यालय एवं पंचायत समिति सभागार मालाखेडा में प्रातः 10 बजे से शिविर का आयोजन होगा। अतः घुमन्तु समुदाय के व्यक्ति केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अन्य मूलभूत कार्य सुगमता से सम्पादित कराने हेतु शिविर पहुंचकर आवेदन करें। उन्होंने बताया कि यह शिविर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समस्त पंचायत समिति एवं नगर पालिका, नगर निगम में 30 जनवरी तक आयोजित होंगे।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अंतिम चयन 17 जनवरी तक

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को प्रताप ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम चयन 17 जनवरी को दोपहर बजे प्रताप ऑडिटोरियम में किया जाएगा, जिसमें सभी राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मन्नी का बड की प्रधानाचार्य करूणा कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम में देशभक्ति, लोक नृत्य, नृत्य वाटिका, पर्यावरण, स्वच्छता एवं केंद्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों की संख्या अधिकतम 10 होगी तथा जिन विद्यालयों में रीट परीक्षा अथवा स्थानीय परीक्षा है वे परीक्षा समाप्ति के पश्चात चयन हेतु प्राप्त ऑडिटोरियम में आ सकते हैं।

## घटिया सड़क निर्माण पर भड़के लोग, ईओ को ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के वार्ड नंबर 15 मोहर्रम चौक में चल रहे इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य को लेकर वार्डवासियों में भारी नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों ने अधिशासी अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए निर्माण कार्य में अनियमितता और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया है। वार्ड वासियों का कहना है कि संबंधित फर्म की ओर से सड़क निर्माण में तकनीकी मापदंडों की खुली अवहेलना की जा रही है। निर्माण में उपयोग की जा रही बजरी और सीमेंट निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। ब्लॉक के नीचे निर्धारित मोटाई के बजाय लगभग डेढ़ इंच ही लेयर डाली गई है, जबकि उसके ऊपर अधिक मात्रा में बालू और मिट्टी डालकर ब्लॉक लगाए गए हैं, जिससे सड़क ऊंची-नीची और उबड़-खाबड़ हो गई है। लोगों ने बताया कि सड़क का लेवल सही नहीं होने से बारिश के समय पानी की निकासी नहीं होगी और पानी एक ही जगह जमा रहेगा, जिससे आवागमन में परेशानी बढ़ेगी। वार्डवासियों का आरोप है कि इस तरह के घटिया निर्माण कार्य से सरकारी बजट का दुरुपयोग हो रहा है और आम जनता को भारी असुविधा झेलनी पड़ेगी। लोगों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की तुरंत जांच करवाई जाए और संबंधित ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करने के लिए पाबंद किया जाए। इस मौके पर वार्ड नंबर 15 के नदीम सोलंकी, सोहेल सोलंकी, सुलेमान भुट्टा, रियांश, आदिल आदि मौजूद रहे।

### जिला कलक्टर ने किया गोविन्दगढ क्षेत्र का दौरा

## सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने गोविन्दगढ क्षेत्र का दौरा कर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, वीसी रूम, कानूनगो कार्यालय आदि का अवलोकन किया। उन्होंने आमजन के कार्यों एवं प्रगतिरत विकास कार्यों की प्रगति और सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के तीन पटवारियों के द्वारा गिरदावरी कार्य शुरू नहीं किया जाना पाया गया, जिस पर उन्होंने संबंधित पटवारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने वीसी रूम में विकास अधिकारी के माध्यम से इन्वर्टर लगवाने तथा उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की सूची का सूचना पट्ट लगवाने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार तहसील कार्यालय के निरीक्षण कर कार्यालय में आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधार मशीन लगाने के निर्देश दिए। साथ ही तहसील परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि ई-फाइलिंग को अपनाते हुए कार्यालय में कार्य सम्पादित किए जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि रिकॉर्ड व दस्तावेज आदि का नियमित रूप से उचित संधारण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के साथ नियमित अवलोकन करें तथा इनका भी गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान कर पात्र लोगों को लाभांवित करावे। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी ऐश्वयर्म प्रजापत एवं तहसीलदार डॉ. बसंत कुमार परसोया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### साइबर सुरक्षा पर संगोष्ठी का आयोजन

## राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग अलवर में विद्यार्थियों को दी गई साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग अलवर के सभागार में एडीजे एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोहन लाल सोनी की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के 30 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। अपने उद्बोधन में मोहन लाल सोनी ने आम नागरिकों के लिए आसान, सुलभ एवं त्वरित न्याय की अवधारणा से विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में विधिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में महेश गोठवाल ने बताया कि साइबर अपराधों से स्वयं को कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। वहीं साइबर एक्सपर्ट खत्री ने साइबर शिष्टाचार एवं सुरक्षा पर जानकारी देते हुए मोबाइल और ई-मेल की सुरक्षा के लिए मजबूत पासवर्ड, टू-स्टेप वेरिफिकेशन अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने अनजान लिंक, एपीके फाइल, लुभावने संदेश एवं कॉल से सावधान रहने की अपील की। संगोष्ठी में राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग अलवर के विद्यार्थी एवं फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य संदीप अवस्थी ने विधिक सेवा प्राधिकरण से पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा स्वास्थ्य जागरूकता के साथ विधिक जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड या डिजिटल अरेस्ट की स्थिति में विधिक सहायता हेतु 1930 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

## जिला परिषद सीईओ ने जलग्रहण विकास कार्यों का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत पंचायत समिति मुंडावर की ग्राम पंचायत नंगली ओझा एवं बड़ली में जलग्रहण विकास विभाग द्वारा कराए जा रहे जल संरक्षण कार्यों का जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सालुखे गौरव रविंद्र ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अमृत सरोवर निर्माण, एनीकट निर्माण, फार्म पॉन्ड निर्माण एवं वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। सीईओ ने ग्राम नंगली ओझा में किए गए मॉडल प्लांटेशन कार्य तथा ग्राम पंचायत बड़ली में चारागाह विकास कार्य का अवलोकन किया। निरीक्षण में पाया गया कि लगाए गए लगभग सभी पौधे जीवित हैं, जिस पर सीईओ ने संबंधित विभाग एवं ग्राम पंचायत की सराहना की। साथ ही दोनों स्थलों पर आमजन की सुविधा एवं कार्यों के संरक्षण हेतु भ्रमण पथ (ट्रैक) निर्माण करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम नंगली ओझा में किए गए नवाचारात्मक कार्य 'सूखे कुएं की जल पुनर्भरण संरचना' का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर सीईओ ने निर्देश दिए कि जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आमजन एवं विभिन्न सरकारी विभागों के आपसी समन्वय से इस प्रकार के अधिकाधिक नवाचारात्मक कार्य किए जाना आवश्यक है, जिससे भूजल स्तर में सुधार हो सके। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता क्षत्रपाल यादव, कनिष्ठ अभियंता राहुल चौधरी एवं सुरेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत प्रशासक धर्मेंद्र चौधरी, करतार सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## थानागाजी में श्री परशुराम सर्किल निर्माण पर अलवर में जश्न



### आतिशबाजी कर मनाई खुशी, मिठाई का किया वितरण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** थानागाजी में श्री परशुराम सर्किल के विधिवत निर्माण पूर्ण होने की खुशी में गुरुवार को श्री परशुराम सर्किल अलवर पर हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी की गई तथा मिठाई वितरण किया गया। जिला ब्राह्मण सभा के महामंत्री एवं श्री परशुराम सर्किल अलवर के संयोजक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि थानागाजी में श्री परशुराम सर्किल के निर्माण के लिए 9 जून 2025 से निरंतर प्रयास और संघर्ष किया जा रहा था। इन प्रयासों के फलस्वरूप 13 जनवरी 2026 को थानागाजी स्थित श्री परशुराम सर्किल विधिवत रूप से बनकर तैयार हुआ। इसी उपलब्धि की खुशी में आयोजित कार्यक्रम में समाजजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और इसे समाज के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। कार्यक्रम में जिला ब्राह्मण सभा एवं श्री परशुराम सर्किल अलवर के पदाधिकारियों सहित होतीलाल शर्मा, ललित भारद्वाज, युवा अध्यक्ष विवेकानंद शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रभु दयाल शर्मा, रोहित वशिष्ठ, अशोक तिवारी, लोकेश वशिष्ठ, वीरेंद्र शर्मा, नवीन शर्मा, उमाशंकर शर्मा, यश जोशी, नवल शर्मा, राजेश जोशी, उमेश वशिष्ठ, अमित मुद्गल, एडवोकेट भारत शर्मा, यक्ष जोशी, अनिल शर्मा, बजरंग शर्मा सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एसआईआर प्रक्रिया का विरोध :

## मतदाता सूची से नाम हटाना केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर कुठाराघात है - प्रकाश गंगावत

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया की आड़ में अलवर जिले में वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए झूठी, फर्जी एवं दुर्भावनापूर्ण आपत्तियाँ दर्ज कराये जाने के गंभीर मामले सामने आ रहे हैं। इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत के नेतृत्व में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ.अर्तिका शुक्ला से मिला तथा इस संबंध में एक विस्तृत एवं तथ्यात्मक ज्ञापन सौंपा।
प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत लगाई गई समस्त आपत्तियों की स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच करवाई जाए तथा विधानसभा-वार एवं बूथ-वार आपत्तियों का पूरा विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी प्रकार की मनमानी पर रोक लग सके।
जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा कि कई मामलों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों, दिशा-निर्देशों एवं प्रक्रिया का खुला उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे आम मतदाताओं–विशेषकर गरीब, वंचित, अल्पसंख्यक एवं प्रवासी वर्ग–के संवैधानिक मताधिकार को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। मतदाता सूची से नाम हटाना केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर कुठाराघात है। जिला कांग्रेस कमेटी जन आंदोलन छेडने के लिए बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व रामगढ़ की पूर्व विधायक सफिया जुबेर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर वैध मतदाताओं के अधिकारों से खिलवाड़ नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि फर्जी आपत्तियों पर तत्काल रोक लगाई जावे, पारदर्शिता सुनिश्चित की जावे तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जावे। प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन से निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं संवैधानिक मर्यादाओं का पालन सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर आर्यन जुबेर, पुष्पेन्द्र धाबाई, श्वेता सैनी, रामबहादुर सिंह तँवर, दीनबन्धु शर्मा, रमन सैनी, गौरव यादव, उमरदीन खान, दीपेन्द्र सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष जफरु खान, नरेन्द्र मीणा, संदीप सैनी, राहुल पटेल, ओमप्रकाश सैनी, कमलेश सैनी, जीत कौर सांगवान, लीली यादव सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज वीबी–जी रामजी विषय पर कार्यशाला, भजनलाल शर्मा और अरुण सिंह भी रहेंगे मौजूद

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) - वीबी-जी रामजी विषय पर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। वीबी जी रामजी अभियान के प्रदेश संयोजक जसवंत सिंह बिश्नोई ने बताया कि वीबी–जी रामजी की कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। बिश्नोई ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज सुबह 10 बजे से आयोजित कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, सभी विधायक, जिलाध्यक्ष, वीबीजी रामजी से जुड़े जिला संयोजक, प्रवक्ता–पेनेलिस्ट, मोर्चा, आयोग और बोर्ड अध्यक्षगण भाग लेंगे।

## उत्तर पश्चिम रेलवे का निर्णय : यात्रियो हेतु रेलसेवाओं का महेन्द्रगढ, सतनाली एवं सिवानी स्टेशनों पर ठहराव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न रेलसेवाओं का महेन्द्रगढ, सतनाली एवं सिवानी स्टेशनों प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसारः- गाडी संख्या 12323, हावडा-बाडमेर रेलसेवा दिनांक 21.1.26 से महेन्द्रगढ स्टेशन पर 18.00 बजे आगमन व 18.02 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 12324, बाडमेर-हावडा दिनांक 22.1.26 से महेन्द्रगढ स्टेशन पर 4.28 बजे आगमन व 4.30 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 19701, जयपुर-दिल्ली कैंट रेलसेवा दिनांक 19.1.26 से सतनाली स्टेशन पर 2.10 बजे आगमन व 2.12 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19702, दिल्ली कैंट-जयपुर रेलसेवा दिनांक 19.1.26 से सतनाली स्टेशन पर 2.40 बजे आगमन व 2.42 बजे प्रस्थान करेगी द्य इसी तरह गाडी संख्या 14717, बीकानेर-हरिद्वार रेलसेवा दिनांक 20.1.26 से सिवानी स्टेशन पर 2.51 बजे आगमन व 2.53 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 14718, हरिद्वार-बीकानेर रेलसेवा दिनांक 21.1.26 से सिवानी स्टेशन पर 2.25 बजे आगमन व 2.27 बजे प्रस्थान करेगी।

## अवतार माह की खुशी में 350 लोगों को कंबल वितरित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** डेरा सच्चा सौदा के मौजूदा गद्दीनशीन पूज्य गुरु संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिह जी इंसा की ओर से चलाए जा रहे 172 मानवता भलाई कार्यों को गति देते हुए डेरा सच्चा सौदा चूरू जोन के सेवादारों ने दूसरी पाठशाही परम पिता शाह सतनाम सिँह जी महाराज (एमएसजी) के अवतार माह की खुशी में तारानगर के एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र में भंडारे के दौरान 350 जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल वितरित किए। सच्चे नम्र सेवादार प्रभुदयाल इंसा व इमिचंद इंसा ने बताया कि हमारे पूज्य गुरूजी की ओर से 172 मानवता भलाई के कार्य चलाये जा रहे है जिसके तहत जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए है। इस मौके पर आम्रपाली, राजवीर, राजपाल, इमिचंद, रामचंद्र, मनोहरलाल, दीपाराम डूंगरमल, रेशमा, तारामणी, सरिता, सुनिता, श्याम कंवर, रमेश कंवर, सीता, रामधन, भगवानाराम, सांवरमल, प्रभुराम, धर्मपाल, जगदीश, नेतराम, राजकुमार, विनोद सहित पक्की समिति के सेवादार व सैकड़ों की संख्या में भाई बहन मौजूद रहे।

## समाजसेवी भगवान दास सातडेवाला के निधन पर जताया शोक



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** समाजसेवी धर्मपरायण भगवान दास सातडे वाला के स्वर्गवास पर चूरू में एक लोकसभा चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें महनसरिया ने कहा कि स्वर्गीय भगवान दास जी एक धर्म परायण व विकास पुरुष व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवन में मंदिर, आश्रम के निर्माण कराए अनेक जगह गायों की सेवाए की। गरीब की मदद की सर्दियों में रिजाइया कंबले हमेशा वितरित की जिनहे हमेशा याद रखा जाएगा। उनके निधन से चूरू जनपद को छती हुई है। इस अवसर पर अमर सिंह दनेवा, लक्ष्मण सिंह न्योल, सुनीता कपूरिया, शर्मिला भाकर, मुंशी खान, कालूराम महर्षि, ताराचंद बाठिया, मोहन ट्रेलर, अयूब खान मालवण, जतनलाल खारडिया, नीरज शर्मा, सलीम पिए, सलीम चौहान, महबूब सेठी, इदरीश दौलत खानी, अरुण शर्मा अध्यापक, मनोज रामगढ़िया, शाहरुख लोहार, ललित मेघवाल, रामप्रसाद पूनिया, हबीब खोखर, सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने भगवान दास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके 2 मिनट का मोहन रखकर श्रद्धांजलि दी।

# राजस्थान में एसआईआर पर भड़के गोविंद सिंह डोटासरा और कहा-कलेक्टर्स कान खोलकर सुन ले सुन ले, पुंगी बजा देंगे

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान की सियासत में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर महाभारत जोरो से जारी है कांग्रेस पार्टी शुरू से ही इस कार्यक्रम को लेकर कई तरह के सवाल खड़े कर रही थी गुरुवार को राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने जयपुर में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके एक बार फिर से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम पर गंभीर सवाल खड़े किए और कई तरह के गंभीर आरोप लगाए । गोविंद सिंह डोटासरा ने अपने चिर परिचित अंदाज में अधिकारियों को चेतावनी दी है कि अगर लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ हुआ तो अंजाम बुरा होगा डोटासरा ने सीधा जिला कलेक्टर को निशाने पर लेते हुए कहा है कि अगर नियमों से परे जाकर किसी अधिकारी ने गड़बड़ी की तो हम उनकी पुंगी बजा देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता और कार्यकर्ता बूथ लेवल ऑफिसर पर दबाव बना रहे हैं । डोटासरा ने लक्ष्मणगढ़ का उदाहरण देते हुए कहा कि नवरंग चौधरी नाम का भाजपा कार्यकर्ता बूथ लेवल ऑफिसर के यहां फॉर्म फेंक कर जाता है और जबरन नाम जुड़वाता है गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जोर देकर बताया कि कुछ अधिकारी तो बूथ लेवल ऑफिसर का ओटीपी तक ले रहे हैं और नाम जोड़े जा रहे हैं डोटासरा ने कहा कि हर बूथ पर 50 नए नाम जोड़ने का टारगेट दिया गया है किसका नाम काटना है और किसका जोड़ना है यह पहले निर्धारित हो चुका है यह सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या और कांग्रेस को कमजोर करने की साजिश है। गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी की ओर से नियुक्त किए गए बूथ लेवल पदाधिकारी शुरू से ही मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में चुनाव आयोग का पूरा सहयोग कर रहे हैं और इस कार्य पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी की ओर से नियुक्त किए गए बूथ लेवल पदाधिकारी राज्य निर्वाचन विभाग और चुनाव आयोग के अधिकारियों से तो निरंतर संपर्क में है ही और संवाद करते रहते हैं इसके अलावा बूथ लेवल ऑफिसर से भी संपर्क में हैं और उसके कार्य पर निगरानी भी रख रहे हैं लेकिन पिछले दिनों अचानक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष जयपुर आते हैं और पार्टी कार्यालय में मीटिंग भी लेते हैं इसके बाद अगले ही दिन अमित शाह भी जयपुर में आते हैं और अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मुख्यमंत्री आवास पर बैठक होती है उसके बाद में मुख्यमंत्री आवास से प्रदेश में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक पेन ड्राइव भेजी गई जिसमें मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए मतदाताओं के बड़ी संख्या में नाम बताए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि इस तरह से अवैध तरीके से प्रदेश में सभी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं की ओर से नाम जुड़वाए जा रहे हैं और अपने हिसाब से मतदाता सूची से नाम कटवाए गए यह सब राजस्थान में कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने के लिए जानबूझकर किया जा रहा है डोटासरा ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य में हर विधानसभा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी हुई है और जानबूझकर उन नाम को मतदाता सूची से हटवाया गया है जो भाजपा के वोटर नहीं है इससे भारत के लोकतंत्र और संविधान की आत्मा को चोट पहुंचा है उन्होंने कहा कि अव्वल तो राजस्थान में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की अभी जरूरत ही नहीं थी क्योंकि चुनाव होने में अभी 3 साल का समय बाकी था इसके बावजूद भी यहां मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया जिसकी वजह से प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव नहीं हो पाए और अब प्रदेश का निर्वाचन विभाग उस पुरानी मतदाता सूची जिसे वह पहले फर्जी मतदाता सूची बताता था उसी मतदाता सूची से अब पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव संपादित करने की तैयारी चल रही है जो कहीं ना कहीं कई तरह के सवाल खड़े करती है।संवाददाता सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि अगर बीजेपी को चुनाव जीतने की इतनी भूख है तो फिर चुनाव ही बंद करवा देना चाहिए उन्होंने फर्जीवाड़ की परत खोलते हुए बताया कि 500- 500 प्रिंटेड फॉर्म्स के जरिए नाम काटे जा रहे हैं जबकि उसमें मोबाइल नंबर तक नहीं है कानून मोबाइल नंबर अनिवार्य है उन्होंने सरकारी दफ्तरों के फुटेज जप्त करने की मांग की ताकि पता चले कि फॉर्म कौन जमा कर रहा है । जूली को संदेह है की पोल खोलने के बाद अब बीजेपी के लोग इन फॉर्म्स को वापस ले जाना चाहते हैं उन्होंने कलेक्टर को चेतावनी दी और कहा कि यह फॉर्म अब सरकारी प्रॉपर्टी है एक भी कागज बाहर नहीं जाना चाहिए ऐसा पहले कभी नहीं हुआ उन्होंने यह भी कहा कि अगर आज जांच नहीं हो रही है तो यह न समझे कि कभी नहीं होगी गलत करने वाले अफसर को हम भविष्य में भी नहीं छोड़ेंगे । नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आंकड़ों के साथ हमला बोला और कहा कि मैं करीब 28000 वोटो से चुनाव जीता हूं और हैरानी की बात कि मेरे ही क्षेत्र में करीब 28000 नाम काट दिए गए हैं उन्होंने सवाल उठाया कि जो नए नाम जोड़ने के फॉर्म आए हैं वह किसने दिए और किसने जमा किए प्रशासन के पास इसका कोई जवाब नहीं है जूली ने मां की कि ऑफिस के सीसीटीवी फुटेज जप्त कर इसकी उच्च स्तरीय जांच हो

## डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिला

### एसआईआर में गड़बड़ियां के बारे में जानकारी दी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन से मिला प्रतिनिधिमंडल की ओर से नवीन महाजन को ज्ञापन दिया गया है जिसमें मतदाता सूची पुन निरीक्षण के कार्य में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर हुई गड़बड़ियों के बारे में जानकारी देकर इन गड़बड़ियों को दूर करके शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने की मांग की है। बातचीत के दौरान प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया है कि उनके ज्ञापन पर निर्वाचन विभाग गंभीरता से जांच करेगा प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन से मुलाकात करने से पहले डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने जयपुर में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके सत्ता और संगठन की ओर से हर बूथ लेवल अधिकारी पर प्रेशर बनाकर अपने हिसाब से नाम जुड़वाने और नाम कटवाने के आरोप लगाए हैं सत्ता और संगठन के लोगों की ओर से ओटीपी के माध्यम से नाम जोड़ने और नाम काटने की शिकायत कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन से भी की है जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस मतदाता सूची पुन निरीक्षण कार्यक्रम को लेकर पूरी तरह से गुस्से में नजर आ रही है गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी के संगठन से जुड़े सभी नेताओं को संबंधित एसडीएम ऑफिस के सामने एकत्रित होकर एसडीएम से फार्म्स की मांग करें और प्रशासन से जानकारी हासिल करें कि उनके पास कितने फार्म्स आए, कहां से आए और किसने जमा कराए इन सब बातों के बारे में एसडीएम से जानकारी मांगी जाए द्य जानकार लोगों का कहना है कि कांग्रेस पार्टी मतदाता सूची पुन निरीक्षण के कार्य को लेकर आगामी विधानसभा के बजट सत्र में भी जोरदार तरीके से इस मामले को उठाने की रणनीति तैयार कर रही है और पार्टी की ओर से प्रदेश भर में मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से धरने प्रदर्शन जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन होना शुरू हो गया है इसलिए आने वाले दिनों में यह मामला राजस्थान की राजनीति में और गर्म हो सकता है

## झूठ,फरेब और नोटंकी पर टिकी कांग्रेस की राजनीति- श्रवण सिंह बगड़ी

### मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना चुनाव आयोग का विशेषाधिकार

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कांग्रेस द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं हटाने की प्रक्रिया पर लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस जनता द्वारा नकार ?दी गई है, जनाधारहीन कांग्रेस अब आधारहीन मुद्दों पर बेतुकी बयानबाजी करती है। बगड़ी ने कहा कि कांग्रेस की आज की राजनीति झूठ, फरेब और नोटंकी पर टिकी है। इसे जनता समझ चुकी है और राजस्थान में ही नहीं, कांग्रेस देशभर में नकारी जा चुकी है। बगड़ी ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की एक तय प्रक्रिया है, जिसमें मृत व्यक्ति, दो जगह वोटर लिस्ट में नाम होने और जो बाहरी है उनके नाम हटाए जा रहे है। इस प्रक्रिया के लिए सभी राजनीतिक दलों से बीएलए–1, बीएलए–2 बनाए गए है। इनके द्वारा दिए गए फार्म की जांच करना, नाम जोड़ना या नाम हटाने का अधिकार निर्वाचन आयोग के पास है। अगर कोई फॉर्म अधूरा है, गलत है, सही है, यह तो निर्वाचन आयोग तय करेगा। बगड़ी ने कहा कि कांग्रेस का रोंहिग्यों, बांग्लादेशियों और अवैध प्रवासियों से गहरा लगाव है। नियमानुसार उनका नाम कटता है तब भी इन्हें तकलीफ होती है। जयपुर में ऐसे कई घर है जो क्षेत्रफल की दृष्टि से छोटे है और मतदाता सूची के अनुसार उनमें 200 से 300 लोगों के नाम जुड़े हुए है, इन पर आपत्ति आई है तो आयोग नियमानुसार जांच करेगा। कांग्रेस के पेट में क्यों दर्द है? आश्चर्य की बात है कि कांग्रेस जहां चुनाव जीतती है वहां चुप्पी साध लेती है और जहां हार जाती है वहां ईवीएम, चुनाव आयोग और भाजपा पर आरोप लगाते हुए रोना रोने लगती है। बगड़ी ने कहा कि कई जगह ध्यान में आया है कि कांग्रेस के कार्यकर्ता ही आपसी गुटबाजी के चलते नाम हटवाना चाहते है और आरोप भाजपा पर लगाकर ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे है। यह कांग्रेस की आपसी सिर फुटव्वल जनता को दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश ही नहीं, विदेश में भी जाकर राष्ट्र विरोधी बातें करते है, संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना और अनर्गल प्रलाप करना सभी कांग्रेसियों की आदत हो चुकी है।

## सचिन पायलट ने राजस्थान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नारायण सिंह से मुलाकात की, दोनों नेताओं ने पार्टी के संगठन को लेकर की चर्चा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** जयपुर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नारायण सिंह से मुलाकात की दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक पार्टी के संगठन से जुड़े मुद्दों और वर्तमान में कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर चर्चा हुई । दोनों नेताओं के बीच आपस में हुई इस चर्चा को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि दोनों ही नेता कांग्रेस पार्टी के काफी मजबूत और लोकप्रिय नेता माने जाते हैं हालांकि नारायण सिंह की आयु अधिक होने की वजह से अब पार्टी में उनकी सक्रियता काफी कम हो गई है लेकिन उनके पुत्र वीरेंद्र सिंह वर्तमान में पार्टी के विधायक हैं इसके अलावा नारायण सिंह जाट समाज के काफी मजबूत और साफ सुथरी छवि के ईमानदार नेता माने जाते हैं इसलिए भले ही नारायण सिंह की सक्रियता अभी कम हो गई हो लेकिन पार्टी में उनका सम्मान अभी भी वैसा ही है जैसा पहले रहा करता था इसलिए सचिन पायलट ने उनसे पार्टी के संगठन से जुड़े मुद्दों को लेकर काफी देर तक चर्चा की और उनसे आवश्यक मार्गदर्शन की लिया जानकारी के अनुसार नारायण सिंह कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और काफी लंबा समय उन्होंने कांग्रेस पार्टी में बिताया है इसलिए कांग्रेस पार्टी को मजबूती देने में उनका बड़ा योगदान रहा है नारायण सिंह ईमानदार साफ सुथरी और बिना किसी डर के अपनी बात कहने वाले नेता माने जाते हैं। नारायण सिंह के बारे में कहा जाता है कि वह सही को सही और गलत को गलत कहने वाले नेता माने जाते हैं इसलिए पार्टी में उनकी काफी अच्छी छवि है सचिन पायलट भी जानते नेता माने जाते हैं इसलिए पार्टी में उनकी काफी अच्छी छवि है सचिन पायलट भी नारायण सिंह के अनुभव और पार्टी में उनके योगदान को अच्छी तरह से समझते हैं इसीलिए पायलट ने अपना काफी समय नारायण सिंह के साथ बिताया जानकारी लोगों का कहना है कि सचिन पायलट कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का हमेशा सम्मान करते हैं और महत्वपूर्ण विषयों पर कांग्रेस पार्टी के सीनियर नेताओं से सलाह भी लेते रहते हैं पश्चिमी राजस्थान के कांग्रेस पार्टी के काफी लोकप्रिय नेता हेमाराम चौधरी उनके पश्चिमी राजस्थान के कांग्रेस पार्टी के काफी लोकप्रिय नेता हेमाराम चौधरी से भी उनके बहुत अच्छे पॉलिटिकल संबंध हैं और हेमाराम चौधरी भी सचिन पायलट को काफी पसंद करते हैं अब जिस तरह से सचिन पायलट ने नारायण सिंह से मुलाकात की है इस मुलाकात के बाद कांग्रेस पार्टी में इस मुलाकात को लेकर कई तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही है।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रमः एक दिवसीय प्रशिक्षण






जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को ब्लॉक समन्वयकों व पीईईओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण सीडीओ संतोष कुमार महर्षि की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद गहलोत ने साक्षरता विभाग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए असाक्षर लोगों को शत प्रतिशत साक्षर बनाने पर बल दिया। प्रशिक्षण के दौरान सीडीओ महर्षि ने डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता व परिवार कल्याण से संबंधित जानकारी दी। सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक जगबीर सिंह यादव ने भी साक्षरता कार्यक्रम को विकसित भारत की संकल्पना से संबंधित बताया। एडीईओ बृजेंद्र कुमार दाधीच ने भी साक्षरता कार्यक्रम को शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण गतिविधि बताया। प्रशिक्षण में ब्लॉक समन्वयक चिरंजी लाल सैनी, संजीव कुमार शर्मा, भोलेश कुमार शर्मा, मुकेश कुमार जांगिड़, जयप्रकाश शर्मा, जय प्रकाश नारनोलिया, दुर्गा शर्मा व प्रत्येक ब्लॉक के तीन-तीन पीईईओ उपस्थित थे। सहायक परियोजना अधिकारी राजेंद्र सिंह ने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी उम्मेद सिंह, वरिष्ठ लिपिक धर्मेंद्र कुमार तिवाड़ी व सुनील कुमार प्रजापत ने प्रशिक्षण में सहयोगी भूमिका निभाई।

## वसुंधरा राजे ने प्रमुख गौ सेवक और संत कमल किशोर महाराज से आशीर्वाद लिया और व्यास पीठ में पूजा अर्चना भी की

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे हालांकि शुरू से ही काफी धार्मिक प्रवृत्ति की रही हैं और साधु संतों से शुरू से ही मुलाकात करके उनसे आशीर्वाद भी लेती रही हैं अभी भी वसुंधरा राजे पिछले कुछ दिनों से लगातार प्रमुख साधु संतों के प्रवचनों में अपनी उपस्थिति दिख रही हैं जयपुर में भी नींदड़ में रामभद्राचार्य जी महाराज के प्रवचन सुने थे और महाराज श्री से आशीर्वाद भी लिया था गुरुवार को वसुंधरा राजे ने अपने गृह जिले झालावाड़ के बकानी क्षेत्र में प्रमुख संत और गौ सेवक कमल किशोर महाराज के गीता पाठ कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दिखाई इस दौरान व्यास पीठ में वसुंधरा राजे ने पूजा अर्चना भी की और कमल किशोर महाराज से उनकी कुटिया में काफी देर तक मुलाकात करके उनसे आशीर्वाद भी लिया जानकारी के अनुसार झालावाड़ जिले के बकानी क्षेत्र में प्रमुख संत कमल किशोर महाराज के प्रवचनों के लिए 40 बीघा में एक विशाल शानदार पंडाल बनाया गया है इस कार्यक्रम में कमल किशोर महाराज रोजाना दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक गीता पाठ करेंगे यह कार्यक्रम करीब 222 गौशालाओं के सेवार्थ आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम के माध्यम से जो डोनेशन आएगा वह डोनेशन 222 गौशालाओं के विकास और संरक्षण के काम में खर्च किया जाएगा इसलिए गुरुवार गुरुवार से शुरू हुए इस प्रवचन कार्यक्रम में पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दिखाई और इस कार्यक्रम में विभिन्न दलों के राजनेताओं के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी अपनी उपस्थिति दिखाई उल्लेखनीय है कि अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की पराजय के बाद से ही वसुंधरा राजे एक तरह से झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर नजर आ रही है वसुंधरा राजे लगातार अपने गृह जिले के प्रत्येक गांव और ढाणी में जाकर लोगों से मुलाकात कर रही हैं जानकार लोगों का कहना है कि अंता विधानसभा सीट पर हुए उप चुनाव के नतीजे से वसुंधरा राजे को गहरा झटका लगा है क्योंकि वसुंधरा राजे ने ही अपने पसंद के व्यक्ति को चुनाव में टिकट दिलवाया था और वसुंधरा राजे तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यहां उपचुनाव में दो शानदार रोड शो का भी आयोजन किया था लेकिन इसके बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी यहां से चुनाव हार गई

## कहानी

### लंकादहन

हनुमानजी माता सीता से लंका में अशोकवाटीका में छोटा रूप धारण कर मिले तथा सीता माता की आज्ञा से अपनी भूख मिटाने के लिए वाटिका से फल तोडकर खाने लगे । तब वहां पर पहरा दे रहे राक्षसों ने हनुमानजी को देखा और उन्हें साधारण वानर समझकर उन्हें मारने के लिए दौड पडे; परंतु हनुमानजी ने अपनी शक्ति का प्रयोग कर राक्षसों पर आक्रमण किया । कुछ राक्षस अपने प्राण बचाकर रावण के समक्ष पहुंचे तथा उन्होंने रावण को समाचार दिया कि एक वानर ने अशोकवाटिका को उजाड दिया है तथा बहुत से राक्षसों को भी मार दिया है । रावण यह समाचार सुनकर बहुत क्रोधित हुआ, तब रावण के पुत्र इंद्रजीत ने हनुमानजी को पकडकर लाने के लिए रावण से आज्ञा ली तथा हनुमानजी पर ब्रह्मास्त्र से वार कर उन्हें बंदी बना लिया तथा सभा में ले गए । हनुमानजी रावण के सामने खडे विचार कर रहे थे । समस्त लोकों को डरानेवाला महाबाहु रावण हनुमानजी को सामने इस प्रकार निर्भय खडा देखकर क्रोधीत हो गया । वह अपने महामन्त्री से बोला, "अमात्य ! इससे पूछो कि यह कहां से आया है इसे किसने भेजा है सीता से यह क्यों बाते कर रहा था अशोकवाटिका को इसने क्यों नष्ट किया इसने किस उद्देश्य से राक्षसों को मारा मेरी इस लंकापुरी में आनेका प्रयोजन क्या है " रावण की आज्ञा पाकर मंत्री ने हनुमानजी से लंका में आने का कारण पूछा । तब हनुमानजी ने उत्तर दिया कि "मैं श्री रामचन्द्र जी का दूत हूं और उनके ही कार्य से यहां आया हूं ।" हनुमानजी ने कुछ क्षण शान्तभाव से सभी की ओर देखा और आगे कहा, "मैं किष्किन्धा के परम पराक्रमी राजा सुग्रीव का दूत हूं । उन्हीं की आज्ञा से तुम्हारे पास आया हूं । हमारे महाराज ने तुम्हारा कुशल समाचार पूछा है और कहा है कि तुमने नीतिवान, धर्म, चारों वेदों के ज्ञाता, महापण्डीत, तपस्वी और महान ऐश्वर्यवान होते हुए भी एक परस्त्री को अपने यहां बंदी बनाया है, यह तुम्हारे लिए उचित बात नहीं है । तुमने यह दुष्कर्म करके अपनी मृत्यु का आव्हान किया है । तुम सीता माता को प्रभु श्रीरामचंद्रजी को लौटा दो । वे निश्चित ही तुम्हें क्षमा कर देंगे । यदि तुम ऐसा नही करोगे, तो तुम्हारा अन्त भी वही होगा जो खर, दूषण और बालि का हुआ था । हनुमानजी की यह बात सुनकर रावण क्रोधित हो उठा । उसने अपने सेवकों को आज्ञा दी, 'इस वानर का वध कर डालो ।' रावण की आज्ञा सुनकर वहां उपस्थित विभीषण ने कहा, "राक्षसराज ! आप धर्म के ज्ञाता और राजधर्म के विशेषज्ञ हैं । दूत के वध से आपके पाण्डित्य पर कलंक लग जाएगा । इसलिए उचित-अनुचित का विचार करें और दूत के योग्य किसी अन्य दण्ड की आज्ञा दें ।" रावण ने कहा, "शत्रुसूदन ! पापियों का वध करने में पाप नहीं है । इस वानर ने वाटिका का विध्वंस तथा राक्षसों का वध करके पाप किया है । इसलिए मैं इसका वध करूंगा ।"

रावण की यह बात सुनकर उसके भाई विभीषण ने नम्रता के स्वर में कहा, "हे लंकापति ! जब यह वानर स्वयं को दूत बताता है, तो नीति तथा धर्म के अनुसार इसका वध करना अनुचित होगा । क्योंकि दूत दूसरों का दिया हुआ सन्देश सुनाता है । वह जो कुछ कहता है, वह उसकी अपनी बात नहीं होती, इसलिए उसका वध नही किया जा सकता ।" विभीषण की बात पर विचार करने के बाद रावण ने कहां, "तुम्हारा यह कथन सत्य है कि दूत का वध नहीं किया जा सकता । परन्तु इसने अशोकवाटिका का विध्वंस किया है । इसका दण्ड तो इसे मिलना चाहिए । वानरों को अपनी पूंछ प्रिय होती है । इसलिए मैं आज्ञा देता हूं कि, इसकी पूंछ रुई और तेल लगाकर जला दी जाए । ताकि इसे बिना पूंछ का देखकर लोग इसकी हंसी उडाए और यह जीवन भर अपने कर्मों पर पछताएं ।" रावण की आज्ञा से राक्षसों ने हनुमान की पूंछ को रुई और पुराने कपडो से लपेटकर उस पर बहुत सा तेल डालकर आग लगा दी । जैसे जैसे राक्षस हनुमानजी की पूंछ पर कपडे लपेट रहे थे, वैसे वैसे हनुमानजी भी अपनी पूंछ बढाते जा रहे थे । अंत में उनकी पूंछ को आग लगा दी गई । पूंछ के जलते ही हनुमानजी ने अपने सारे बंधन तोडकर ऊंची छलांग लगाई और रावण की सोने की लंका जला दी । सम्पूर्ण लंकापुरी में केवल एक भवन ऐसा था जो अग्नि के प्रकोप से सुरक्षित था और वह था नीतिवान विभीषण का प्रासाद ।

# भारत की चिंता बढ़ाता ईरान का संकट

भारत के लिए भी यह संकट केवल एक दूरस्थ आंतरिक उथल-पुथल नहीं, बल्कि पश्चिम और मध्य एशिया में रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। ईरानी सरकार की प्रतिक्रिया सख्त और दमनकारी रही है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार सैकड़ों लोगों की मौत हुई है, जिनमें नाबालिग भी शामिल हैं। जहां राष्ट्रपति मसूद पेजेशिकियन ने संयम बरतने और हिंसा से बचने की अपील की है, वहीं न्यायपालिका, सुरक्षा तंत्र और सर्वोच्च नेतृत्व का रुख कहीं अधिक सख्त है। यह संकट से निपटने में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर असहमति को भी दर्शाता है। इंटरनेट ब्लैकआउट भी इसका संकेतक है कि सत्ता प्रतिष्ठान सड़क और सूचना दोनों पर नियंत्रण खोने से चिंतित है। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन अब केवल आर्थिक या राजनीतिक ही नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक और वैचारिक स्वरूप भी ले चुके हैं। कई स्थानों पर शाह के दौर का 'शेर और सूरज' वाला झंडा लहराया गया और निर्वासित पूर्व युवराज रजा पहलवी की तस्वीरें दिखाई गई हैं। इन प्रतीकों का उभरना इस्लामिक रिपब्लिक की वैचारिक नींव को चुनौती देने का स्पष्ट संकेत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को नुकसान पहुंचाया गया तो ईरान को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। यूरोपीय देशों, आस्ट्रेलिया और कनाडा ने भी बल प्रयोग, मनमानी



दिसंबर 2025 के अंत में ईरान में शुरू हुए व्यापक विरोध-प्रदर्शनों ने इस इस्लामिक गणराज्य के समक्ष हाल के वर्षों की सबसे गंभीर आंतरिक चुनौती खड़ी कर दी है। महंगाई, मुद्रा अवमूल्यन और आर्थिक कुप्रबंधन के खिलाफ शुरू हुआ यह जनाक्रोश जल्द ही एक राजनीतिक संकट में बदल गया, जिसमें प्रदर्शनकारी खुलकर सत्ता परिवर्तन की मांग करने लगे। ईरान का आर्थिक संकट कोई नया घटनाक्रम नहीं है। वर्षों से ढांचागत कमजोरियों, भ्रष्टाचार, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और नीतिगत गलतियों ने उसकी अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है। ईरानी मुद्रा में तेज गिरावट, खाद्य पदार्थों की दरों में उछाल और व्यापक बेरोजगारी ने दिसंबर में विरोध की चिंगारी सुलगा दी। यह आंदोलन पहले तेहरान के बाजारों से शुरू हुआ और कुछ ही दिनों में देश के सभी 31 प्रांतों में 300 से अधिक स्थानों पर फैल गया। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और मजहबी सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ नारे संकेत हैं कि शासन की वैधता पर गहरा सवाल खड़ा हो चुका है। ईरान का मौजूदा संकट यही दर्शाता है कि आर्थिक कुप्रबंधन और राजनीतिक कठोरता के दीर्घकालिक रणनीतिक परिणाम होते हैं। भारत के लिए भी यह संकट केवल एक दूरस्थ आंतरिक उथल-पुथल नहीं, बल्कि पश्चिम और मध्य एशिया में रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। ईरानी सरकार की प्रतिक्रिया सख्त और दमनकारी रही है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार सैकड़ों लोगों की मौत हुई है, जिनमें नाबालिग भी शामिल हैं। जहां राष्ट्रपति मसूद पेजेशिकियन ने संयम बरतने और हिंसा से बचने की अपील की है, वहीं न्यायपालिका, सुरक्षा तंत्र और सर्वोच्च नेतृत्व का रुख कहीं अधिक सख्त है। यह संकट से निपटने में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर असहमति को भी दर्शाता है। इंटरनेट ब्लैकआउट भी इसका संकेतक है कि सत्ता प्रतिष्ठान सड़क और सूचना दोनों पर नियंत्रण खोने से चिंतित है। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन अब केवल आर्थिक या राजनीतिक ही नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक और वैचारिक स्वरूप भी ले चुके हैं। कई स्थानों पर शाह के दौर का 'शेर और सूरज' वाला झंडा लहराया गया और निर्वासित पूर्व युवराज रजा पहलवी की तस्वीरें दिखाई गई हैं। इन प्रतीकों का उभरना इस्लामिक रिपब्लिक की वैचारिक नींव को चुनौती देने का स्पष्ट संकेत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को नुकसान पहुंचाया गया तो ईरान को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। यूरोपीय देशों, आस्ट्रेलिया और कनाडा ने भी बल प्रयोग, मनमानी गिरफ्तारियों और इंटरनेट बंदी की निंदा की है। इसके जवाब में तेहरान ने अमेरिका और इजरायल पर विरोध भड़काने का आरोप लगाया है और समूचे घटनाक्रम को विदेशी साजिश बताया है। इस पूरे परिदृश्य ने भारत की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसी ही एक चिंता ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ से जुड़ी है। इससे भी बड़ी चिंता चाबहार बंदरगाह परियोजना को लेकर है, जिसमें भारत ने करीब 50 करोड़ डालर का निवेश किया है। यह बंदरगाह भारत के लिए पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए अफगानिस्तान, मध्य एशिया, रूस और यूरोप तक पहुंच प्रदान करता है। यह 'कनेक्ट सेंट्रल एशिया' नीति का अहम स्तंभ और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे यानी आइएनएसटीसी का प्रमुख हिस्सा है, जिससे परिवहन समय और लागत में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। ईरान में लंबे समय तक चलने वाली अस्थिरता इस परियोजना की समयसीमा, निरंतरता और रणनीतिक मूल्य को प्रभावित कर सकती है। चाबहार को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह में चीन की मौजूदगी के संतुलन के रूप में भी देखा जाता रहा है, जो चाबहार से मात्र 170 किलोमीटर दूर है। यदि ईरान में अस्थिरता लंबे समय तक बनी रहती है, तो बीजिंग को वहां अपने प्रभाव विस्तार का अवसर मिल सकता है। विशेषकर तब जब तेहरान को पश्चिमी दबाव के बीच आर्थिक और राजनीतिक समर्थन की आवश्यकता पड़े।

भारत के ऊर्जा हित भी इस परिदृश्य से जुड़े हैं। प्रतिबंधों के कारण भले ही हाल के वर्षों में ईरान से ऊर्जा आयात सीमित रहा हो, लेकिन क्षेत्रीय ऊर्जा समीकरणों में ईरान की भूमिका अहम बनी हुई है। राजनीतिक अस्थिरता भविष्य के ऊर्जा सहयोग को और जटिल बना सकती है। इन परिस्थितियों में भारत की कूटनीतिक रणनीति संतुलित और व्यावहारिक रही है। नई दिल्ली ने ईरानी नेतृत्व के साथ संवाद बनाए रखा है और रणनीतिक सहयोग को तात्कालिक अस्थिरता से अलग रखने की कोशिश की है।

जनवरी के मध्य में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची की संभावित भारत यात्रा इसी दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसमें चाबहार, क्षेत्रीय संपर्क, व्यापार और पश्चिम एशिया के व्यापक मुद्दों पर चर्चा की संभावना है।

## सम्पादकीय

### मिनटों में सामान, सालों का जोखिम




आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी और अत्यधिक व्यस्तता के बीच आनलाइन सामान पहुंचाने का कारोबार न केवल रोजगार का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत बन गया है, बल्कि यह उपभोक्ताओं के लिए एक बड़े बाजार की शक्ल ले चुका है। खासकर कोविड महामारी के बाद से इसमें जबरदस्त उछाल आया है और अब मांग पर हर तरह के उत्पाद मिनटों में घर पर पहुंच जाते हैं। मगर तत्काल सामान पहुंचाने की होड़ में इस कार्य से जुड़े कर्मियों पर आनलाइन कंपनियों के दबाव और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी बढ़ी हैं। सामान पहुंचाने के दौरान सड़क हादसों में मौत हो जाने की देश भर में कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने अब दस मिनट में सामान पहुंचाने से संबंधित कंपनियों के दावों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। सवाल है कि आखिर सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप क्यों करना पड़ा? क्या संबंधित कंपनियों की यह जिम्मेदारी नहीं है कि वे अपने कर्मियों की सुरक्षा और बेहतरी की फिक्र करे? बीते वर्ष के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर 2025 को घर पर सामान पहुंचाने वाले कर्मियों ने हड़ताल का आह्वान कर अपनी दिक्कतों की तरफ देश, समाज और सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की थी। कुछ अरसे से ऑनलाइन बाजार की यह कह कर हिमायत की जा रही है कि इससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और उपभोक्ताओं को भी अपनी पसंद के सामान की खरीदारी का आसान विकल्प मिल गया है। साथ यह भी कहा जाता है कि इस क्षेत्र में काम करने वाले कर्मियों को अपने कार्य की अवधि खुद तय करने की आजादी है। मगर, क्या वास्तव में उन्हें काम करने की आजादी है? निर्धारित समय के भीतर सामान पहुंचाने और प्रतिदिन का लक्ष्य पूरा करने का दबाव कई बार उन्हें मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक तकलीफ भी देता है। इस दबाव में सड़क पर तेज रफ्तार में दोपहिया वाहन चलाने से हर समय जान का जोखिम बना रहता है। ऐसे में दस मिनट में सामान पहुंचाने के वादों पर रोक लगाना निहायत जरूरी हो गया था। नीति आयोग की वर्ष 2022 की एक रपट के अनुसार, वर्ष 2020 में देश भर में आनलाइन मांग पर सामान पहुंचाने वाले कर्मियों की संख्या करीब 77 लाख थी और यह आंकड़ा 2030 तक 2.35 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इससे यह बात तो स्पष्ट है कि आनलाइन बाजार के कारोबार से रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन साथ ही संबंधित कंपनियों की प्रतिस्पर्धा में कर्मियों की सुरक्षा और काम के दबाव का संकट भी पैदा हुआ है। कहा जा रहा है कि सरकार के आदेश के बाद आनलाइन कंपनियों ने अपने मंच से दस मिनट में सामान पहुंचाने का दावा हटा लिया है। मगर इस तरह की कोशिशें फिर से किसी दूसरे रूप में न हों

# असहमति की अति से त्रस्त देश

ताजा उदाहरण प्रस्तावित सैंक्शनिंग रशिया एक्ट है। इसे रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंटथल ने संयुक्त रूप से पेश किया है। इसीलिए इसे द्विपक्षीय बिल कहा जा रहा है। यह वही रिचर्ड ब्लूमेंटथल हैं, जिन्होंने चंद दिनों पहले वेनेजुएला में ट्रंप की सैन्य कार्रवाई को अवैध आक्रमण कहते हुए एक लापरवाही भरी हरकत करार दिया था। डेमोक्रेट रिचर्ड ब्लूमेंटथल पहले भी कुछ मुद्दों पर ट्रंप की तीखी आलोचना कर चुके हैं, लेकिन उन्हें रूस से तेल खरीदने वाले देशों को टैरिफ लगाकर दंडित करने का विचार इतना भाया कि वे उनके साथ खड़े हो गए। भारत में इसकी कल्पना नहीं की जा सकती। इसका एक कारण तो यह है कि भारत में सांसद अपने-अपने दल की नीति के हिसाब से ही चलते हैं और दूसरा यह कि उन्हें व्हिप का पालन करना पड़ता है। अमेरिका में ऐसा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर पांच सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने वाले जिस सैंक्शनिंग रशिया बिल को सहमति प्रदान की, उसके पारित होने के आसार हैं। यदि ऐसा होता है तो भारत की समस्या और अधिक बढ़ जाएगी, जो पहले से ही 50 प्रतिशत ट्रंप टैरिफ का सामना कर रहा है। यह भी अब 75 प्रतिशत हो गया है, क्योंकि ट्रंप ने ईरान से व्यापार करने वाले देशों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया। जैसे रूस से तेल खरीदने वाले देशों में भारत प्रमुख है, वैसे ही ईरान से व्यापार करने वाले देशों में भी।

हालांकि ईरान से भारत का व्यापार अधिक नहीं है, लेकिन ट्रंप के इस कदम से हमारा संकट और बढ़ना ही है। ट्रंप के इस फैसले की तो विपक्षी डेमोक्रेट पार्टी के कई सांसदों ने कड़ी निंदा की है, लेकिन वे रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर पांच सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने वाले बिल पर उनके साथ हैं। वैसे तो सत्तारूढ़ रिपब्लिकन और विपक्षी डेमोक्रेट एक-दूजे को फूटी आंख नहीं सुहाते, लेकिन कुछ मुद्दों पर दोनों दलों के सांसद एकजुट भी हो जाते हैं।

ताजा उदाहरण प्रस्तावित सैंक्शनिंग रशिया एक्ट है। इसे रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंटथल ने संयुक्त रूप से पेश किया है। इसीलिए इसे द्विपक्षीय बिल कहा जा रहा है। यह वही रिचर्ड ब्लूमेंटथल हैं, जिन्होंने चंद दिनों पहले वेनेजुएला में ट्रंप की सैन्य कार्रवाई को अवैध आक्रमण कहते हुए एक लापरवाही भरी हरकत करार दिया था।

डेमोक्रेट रिचर्ड ब्लूमेंटथल पहले भी कुछ मुद्दों पर ट्रंप की तीखी आलोचना कर चुके हैं, लेकिन उन्हें रूस से तेल खरीदने वाले देशों को टैरिफ लगाकर दंडित करने का विचार इतना भाया कि वे उनके साथ खड़े हो गए। भारत में इसकी कल्पना नहीं की जा सकती। इसका एक कारण तो यह है कि भारत में




सांसद अपने-अपने दल की नीति के हिसाब से ही चलते हैं और दूसरा यह कि उन्हें व्हिप का पालन करना पड़ता है। अमेरिका में ऐसा नहीं है।

इसीलिए वहां रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसद एक साथ भी खड़े दिखते रहते हैं। एक समय अपने देश में भी कुछ मुद्दों पर संसद के भीतर-बाहर पक्ष-विपक्ष व्यापक राष्ट्रीय हित में एकमत होता रहता था, पर आज यह अकल्पनीय है। बहुत दिन नहीं हुए जब सत्तापक्ष आम सहमति की राजनीति करने की बातें करता था और विपक्ष उसे रचनात्मक सहयोग देने का वादा करता था, लेकिन अब दूर-दूर तक ऐसा कुछ भी नहीं हैं। संसद सत्र के पहले होने वाली सर्वदलीय बैठकें हों या अन्य कोई मंच, हर कहीं पक्ष-विपक्ष के बीच घोर असहमति ही दिखती है।

मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से असहमति की अति सी हो गई हो। मोदी के शासनकाल में न्यायिक नियुक्ति आयोग संबंधी विधेयक एकमात्र ऐसा बिल था, जिस पर सभी दलों की सहमति कायम हुई थी। त्रासदी यह रही कि इस विधेयक के कानून बनते ही सुप्रीम कोर्ट ने उसे असंवैधानिक करार दिया। फिर जीएसटी संबंधी विधेयकों पर उल्लेखनीय आम सहमति देखने को मिली, लेकिन बाद में राहुल गांधी जीसएटी को गब्बर सिंह टैक्स बताने लगे।

इसके उपरांत आर्थिक रूप से विपन्न लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण और विधायिका में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण से जुड़े विधेयकों पर भी पक्ष-विपक्ष का सुर एक ही रहा, लेकिन इसका कारण सहमति की राजनीति नहीं, बल्कि वोट बैंक की राजनीति थी।

# आफत बने आवारा कुत्ते

पशु कल्याण बोर्ड के इस आंकड़े से आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश-निर्देश से असहमत लोगों की आंखें खुल जाएं तो अच्छा कि देश में प्रतिदिन करीब दस हजार लोगों को लावारिस कुत्ते काटते हैं। इस बोर्ड के आंकड़े यह भी बता रहे हैं कि कुत्तों का शिकार होने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 2022 में कुत्तों के काटने के करीब 22 लाख मामले दर्ज हुए थे। 2023 में यह संख्या लगभग 27.5 लाख रही और 2024 में 37 लाख से अधिक पहुंच गई। ये वे आंकड़े हैं, जो रिपोर्ट होते हैं। कोई भी समझ सकता है कि ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों के न जाने कितने मामले तो रिपोर्ट ही नहीं होते। आवारा कुत्तों के कारण लोगों को जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, उसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो भी आदेश-निर्देश



दिए, उन पर कड़ाई से पालन होना ही चाहिए। विडंबना यह है कि पशु प्रेमी लोगों को आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने और उनकी आक्रामकता से लोगों को बचाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश-निर्देश रास नहीं आ रहे हैं। वे आए दिन सुप्रीम कोर्ट में अपना पशु प्रेम प्रदर्शित करने के लिए खड़े हो जाते हैं और वहां कुतर्कों के साथ अव्यावहारिक सुझाव भी पेश करते हैं। वे जैसी संवेदनशीलता लावारिस कुत्तों के प्रति दिखाते हैं, वैसी मनुष्यों के प्रति दिखाने के लिए तैयार नहीं। आखिर यह कैसा पशु प्रेम है कि मनुष्यों से अधिक आवारा कुत्तों की चिंता की जा रही है और वह भी तब जब वे आफत बन रहे हैं? निःसंदेह भारतीय संस्कृति प्राणिमात्र के कल्याण की बात करती है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि आवारा कुत्तों अथवा अन्य बेसहारा पशुओं को इतनी अधिक प्राथमिकता मिले कि मनुष्यों के समक्ष संकट पैदा हो जाए। पशु प्रेमी लोग आवारा कुत्तों के नियमन-नियंत्रण का विरोध तो करते हैं, लेकिन उन्हें पालने अथवा उनकी देखभाल करने के लिए तैयार नहीं। उलटे उन्हें सड़कों पर खाना खिलाने और उनका जहां-तहां विचरण होने देने की स्वतंत्रता चाहते हैं। संकट केवल यह नहीं कि आवारा कुत्तों के काटने के मामले बढ़ रहे हैं, बल्कि यह भी है कि ऐसे कई मामले जानलेवा सिद्ध हो रहे हैं। हर दिन देश के किसी न किसी हिस्से से आवारा कुत्तों के शिकार लोगों की मौत के समाचार सामने आते हैं। गत दिवस ही फिरोजपुर में आवारा कुत्तों के हमले में एक युवक की मौत हो गई।

ऐसी मौतों से किसी का भी हृदय द्रवित हो जाए, लेकिन कथित पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को लेकर अपनी बेजा दलीलें छोड़ने को तैयार नहीं और वह भी तब, जब इससे भली तरह परिचित हैं कि हमारे नगर निकाय उन पर लगाम लगाने में नाकाम हैं

# श्याम बाबा को लगाया हलवा पकौड़ी का भोग



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र के छांन्देल कला में खाटू बस सेवा परिवार छान्देल कलां के श्याम प्रेमियों के तत्वावधान में विशाल पौषबड़ा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही पंडित कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि हलवा पकौड़ी का ठाकुर जी महाराज, हनुमान जी महाराज, श्याम बाबा को भोग लगाया गया। उसके बाद प्रसादी वितरण की गई। वही श्याम प्रेमियों द्वारा स्टेट हाईवे 2 से गुजरने वाले राहगीरों को रोक रोक कर और आसपास के सैकड़ों बच्चों को प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान खाटू बस सेवा परिवार के सक्रिय सदस्य कैलाश चन्द शर्मा, सत्यनारायण प्रजापत, रवि तिवारी, अशोक प्रजापत, हेमराज गुर्जर, गणेश प्रजापत, सियाराम गुर्जर सहित अन्य श्याम प्रेमी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# घुमन्तु समुदाय के लिए फुलेरा में विशेष शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** राज्य सरकार की ओर से घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु व अर्धघुमन्तु) को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से ऑन-लाइन घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, जिला कलक्टर, जयपुर की ओर से जारी आदेश की अनुपालना में उपखण्ड क्षेत्र मे विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपखण्ड अधिकारी ऋषिराज कपिल ने बताया कि शहरी क्षेत्र नगरपालिका फुलेरा में यह शिविर शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज बनवाए जाएंगे और उन्हें राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

# भार्गव वाटिका में होगा विराट हिन्दू सम्मेलन, भूमि पूजन और ध्वजारोहण किया



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भार्गव वाटिका में सवयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार सुबह 10 बजे भूमि पूजन एवं धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। जिसमें शिवा बस्ती वार्ड नं 35 36 और 37 के समाज के लोगों ने शिरकत की। इस दौरान कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। विशम्भर शर्मा ने हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारी की सभी को जानकारी दी। शिवा बस्ती में हो रहे विराट हिन्दू सम्मेलन अध्यक्ष ने बताया कि हमारी बस्ती का सम्मेलन 1 फरवरी को भार्गव वाटिका में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन सर्व समाज की ओर से किया जा रहा हैं इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति, सनातन धर्म और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। हमारा मानना है कि विराट हिंदू सम्मेलन से हिंदू जन-जागरण को नई ऊर्जा और चेतना मिलेगी। इसमें सकल हिंदू समाज की व्यापक सहभागिता रहेगी। सचिव राजीव रस्तोगी ने सभी से 1 फरवरी को भार्गव वाटिका परिसर में आयोजित होने वाले इस विराट हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। भूमि पूजन में श्याम सुंदर मंगल, दिनेश कुमार बंसल, पुरुषोत्तम शर्मा, मुकेश बंसल, जयंत मोदी, विमल भार्गव, जगदीश, सविता, मुकेश कुलश्रेष्ठ, रामू, सुखवीर, पंडित शैलेन्द्र मथुरिया, राम शर्मा सहित समाज के अन्य बंधु उपस्थित रहें ।

# पुरस्कृत शिक्षक फोरम की टिप्स पुस्तिका वितरित



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पुरस्कृत शिक्षक फोरम, राजस्थान की ओर से सैकेंडरी परीक्षा, 2026 की तैयारी के लिए प्रकाशित टिप्स पुस्तिका विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाकर अच्छे अंक प्राप्त करने में सहायक होगी। ये विचार फोरम की राज्य स्तरीय सेमिनार में भाग लेकर लौटे नेशनल अवॉर्डी कुलदीप व्यास ने सेठ नागरमल बाजोरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में टिप्स पुस्तिका वितरित करते हुए व्यक्त किए। फ़ोरम के जिला उपाध्यक्ष अंबिका प्रसाद शर्मा ने राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों और अनुभवी विषय विशेषज्ञों की ओर से तैयार पुस्तिकाओं को अच्छे अंक लाने के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शिका बताया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास ने विद्यार्थी हित में फोरम की ओर से पिछले 22 वर्षों से निरंतर प्रकाशित की जा रही इस पुस्तिका के लाभ बताते हुए फोरम के सृजनात्मक कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। संस्थाप्रधान कन्हैयालाल शर्मा ने बुकलेट की विषयवार अध्ययन योजना, तनाव से बचने के उपाय तथा परीक्षा के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें जैसे बिंदुओं को विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर सीतसर विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमंत कुमार, विशाल गुप्ता, बालाराम, विनोद तिवारी, भोपालसिंह आदि उपस्थित रहे।

# चितावा में घुमंतु परिवारों के बच्चों का संवर्धन व प्रोत्साहन कार्यक्रम

## 160 विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म व स्टेशनरी वितरित





जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** जिला प्रशासन की ओर से घुमंतु परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने एवं उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से गुरुवार को चितावा में संवर्धन व प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय पीजी महाविद्यालय, चितावा में राजस्व राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य व जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन व भामाशाहों के सहयोग से राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत घुमंतु परिवारों के 160 विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते व स्टेशनरी किट का वितरण किया गया। साथ ही मौके पर ही 18 विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनवाकर उन्हें सौंपे गए। इसके अतिरिक्त 60 जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने कहा कि जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत के निर्देशन में जिला प्रशासन की ओर से समाज के अंतिम छोर पर खड़े लोगों के लिए सराहनीय नवाचार किए जा रहे हैं। घुमंतु परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का यह प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे वे शिक्षा प्राप्त कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकेंगे। जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत ने कहा कि जिला प्रशासन जिलेभर में घुमंतु परिवारों के बच्चों को राजकीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर उन्हें सभी आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ घुमंतु परिवारों के आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने, उन्हें आवास व कृषि कार्य के लिए भूमि उपलब्ध कराने तथा राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने इस पुनीत कार्य में सहयोग देने वाले भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर मोहन लाल खटनावलिया ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 11 गांवों के घुमंतु परिवारों के विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी को समान अवसर मिलें। कार्यक्रम में कुचामन उपखंड अधिकारी विश्वामित्र मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह देथा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवर लाल खोखर, सरपंच मनोज मेघवाल, महाविद्यालय प्रतिनिधि, भामाशाह गंगा सिंह राजावत, राजेंद्र सिंह राठौड़, अनिल पारीक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एक साल से प्राचार्य डेपुटेशन पर, शिक्षण व्यवस्था लड़खड़ाई

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** कस्बे का महात्मा गांधी सीनियर सैकंडरी विद्यालय सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत संचालित होने के बावजूद अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। विद्यालय में नियुक्त प्राचार्य डॉ. संजय कुमार यादव लगभग एक वर्ष से शिक्षा संकुल में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं, जिससे विद्यालय प्राचार्य विहीन हो गया है। बिना राजनीतिक हस्तक्षेप के इतनी लंबी अवधि तक प्रतिनियुक्ति पर रहना कई सवाल खड़े करता है।

गौरतलब है कि यह विद्यालय फुलेरा की नोडल स्कूल है, जिसके अंतर्गत आसपास के निजी व राजकीय विद्यालयों की मॉनिटरिंग का दायित्व भी इसी विद्यालय के प्राचार्य के अधीन होता है। प्राचार्य के अनुपस्थित रहने से यह व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। डॉ. संजय कुमार यादव राजनीतिक शास्त्र के व्याख्याता भी हैं। उनके न होने से विद्यालय में राजनीतिक शास्त्र का पद रिक्त पड़ा है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। छात्र इस विषय की नियमित शिक्षा से वंचित हैं। हैरानी की बात यह है कि प्राचार्य का पद रिक्त होने के बावजूद उसे औपचारिक रूप से खाली भी नहीं दर्शाया गया है। विद्यालय में शारीरिक शिक्षक, लाइब्रेरियन सहित अन्य कई पद भी लंबे समय से रिक्त पड़े हैं, जिससे छात्रों के शैक्षणिक और सर्वांगीण विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके साथ ही विद्यालय का रखरखाव भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। बाउंड्री के पास लगे भारी पेड़ों की कटाई-छंटाई नहीं



होने से उनकी जड़ें दीवार में घुसकर उसे क्षतिग्रस्त कर रही हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। रात्रि के समय परिसर में अंधेरा रहता है, जिसका फायदा उठाकर असामाजिक तत्व बाउंड्री कूदकर अंदर प्रवेश कर नशा व अन्य अनैतिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। उल्लेखनीय है कि यह विद्यालय केंद्र सरकार की पीएम श्री योजना के अंतर्गत विशेष रूप से चयनित है, जिसके तहत इसे रोल मॉडल स्कूल बनाने के लिए विशेष बजट भी दिया जा रहा है। इसके बावजूद विद्यालय में प्राचार्य का न होना और मूलभूत व्यवस्थाओं की अनदेखी कस्बे के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय साबित हो रही है। अब स्थानीय अभिभावकों व नागरिकों की मांग है कि शीघ्र ही विद्यालय में स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति कर रिक्त पदों को भरा जाए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

## प्रजापति समाज के लोगो ने सौंपा ज्ञापन

# श्रीयादे माता जयंती पर अवकाश की मांग

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर/चाकसू (निस)।** चाकसू में प्रजापति समाज ने गुरुवार को उपखंड अधिकारी निधि मीणा को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इसमें आगामी 20 जनवरी को श्रीयादे माता जयंती पर राजस्थान में राजकीय छुट्टी घोषित करने की मांग की गई है। यह ज्ञापन प्रजापति समाज के नेतृत्व में दिया गया।

### समस्याओं के समाधान के लिए समय देने का आह्वानः

प्रजापति समाज के लोगो ने बताया कि श्रीयादे माता पूरे भारतवर्ष के प्रजापति (कुम्हार) समाज की आराध्य देवी हैं। राजस्थान में इस समाज की लगभग 7 प्रतिशत आबादी निवास करती है। ज्ञापन में बताया कि पूर्व में सरकार की ओर से अन्य समाजों के महापुरुषों और आराध्य देवों, जैसे देवनारायण जयंती, फुले जयंती और परशुराम जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित किए गए हैं। इसी तर्ज पर श्रीयादे माता जयंती पर भी सार्वजनिक अवकाश की मांग की गई है। इस अवकाश की मांग का मुख्य उद्देश्य यह है कि नौकरीपेशा लोग भी जयंती समारोह में सक्रिय रूप से शामिल हो सकें। समाज का मानना है कि इससे सभी सदस्यों को अपनी आराध्य देवी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर लक्ष्मण प्रजापत, ग्यारसीलाल पूर्व सरपंच, कमलकांत प्रजापत एडवोकेट, मुकेश प्रजापत रेनवाल मांझी, लक्ष्मीनारायण, सत्यनारायण नरपूरा, दिनेश प्रजापत (श्रीरामपुरा), छोटू आकोडिया, कालुराम कोहल्या, रमेश वार्डपंच, कैलाश चोरिया, राजेश बड़ोदिया, बद्री, राजेश खेजड़ी,कमलेश कुल्चाणिया, नरेंद्र सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

# भविष्य की राह तय करने का मंच बना कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ढाणी गैसकान में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन एनएसएचआरडी एनजीओ के तत्वाधान में किया गया।कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को केरियर चयन, उच्च शिक्षा व रोजगार के विभिन्न अवसरों को लेकर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बतौर जितेंद्र कुम्हार रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सही केरियर का चयन जीवन की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता और लक्ष्य के अनुरूप केरियर चुनने की सलाह दी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा और रोजगारपरक क्षेत्रों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य पूरणमल यादव ने की। उन्होंने कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए जितेंद्र कुम्हार व उनकी टीम का आभार व्यक्त किया और हार्दिक अभिनंदन किया। साथ ही ढाणी गैसकान टीम के सभी सहयोगियों की प्रशंसा की। इस अवसर पर एनएसएचआरडी एनजीओ के प्रतिनिधियों ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया



और कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सही दिशा ही सफलता की कुंजी है।कार्यक्रम में विद्यालय प्रभारी भीमसेन तंवर व्याख्याता रसायन विज्ञान, संदीप यादव वरिष्ठ अध्यापक गणित, अध्यापिका तितली मीणा, हिमांशु खंडेलवाल, जूनियर असिस्टेंट मनीष यादव, अंग्रेजी अध्यापक मुकेश कुमावत तथा संस्कृत अध्यापक हिम्मत सिंह शेखावत एनएसएचआरडी एनजीओ से रविशंकर सैनी, हनीफ खान, मनोज यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने केरियर से जुड़े प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों की ओर से समाधान किया गया। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता जताई।

# कुचामन में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** आमजन को शुद्ध व पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिले में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा व चिकित्सा विभाग की ओर से नियमित निरीक्षण व नमूना संग्रहण की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को कुचामन कस्बे में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने प्रजापत कचोरी हाउस से कुकिंग ऑयल तथा एस.एल. किराना स्टोर से साबूदाना के नमूने लिए। लिए गए नमूनों को जांच के लिए जन प्रयोगशाला भिजवाया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र चौधरी ने बताया कि चिकित्सा व खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से खाद्य कारोबारकर्ताओं को जागरूक करने व नियमानुसार लाइसेंस उपलब्ध करवाने के लिए फूड लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 जनवरी को मारोठ (नावां) में खाद्य रजिस्ट्रेशन व फूड लाइसेंस कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार का खाद्य व्यवसाय करने के लिए खाद्य रजिस्ट्रेशन अथवा लाइसेंस अनिवार्य है। यदि किसी खाद्य कारोबारकर्ता के पास वैध रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस नहीं पाया जाता है तो खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, 2006 की धारा 31 के तहत 25 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ऐसे में सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को कैंप में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस बनवाना आवश्यक है। कैंप में रजिस्ट्रेशन के लिए खाद्य कारोबारकर्ताओं को आधार कार्ड, पैन कार्ड, स्वयं की एक पासपोर्ट साइज फोटो और बिजली का बिल साथ लाना अनिवार्य होगा। विभाग ने सभी खाद्य कारोबारियों से समय पर रजिस्ट्रेशन करवा कर नियमों की पालना करने की अपील की है।

# प्रतिभाओं का सम्मान कर जरूरतमंदों को स्वेटर वितरित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से गुरुवार को राजकीय कनोई बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह व स्वेटर्स वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि मुरलीधर - करुणा देवी कनोई की स्मृति में उनके पुत्र आदित्य कनोई- निशा कनोई के सौजन्य व क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोडिया की प्रेरणा से आयोजित हुए कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में सत्र 2024-25 में कक्षा 8, 10, 12 सभी संकाय में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली 11 प्रतिभावान छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय की 126 जरूरतमंद छात्राओं को स्वेटर्स उपलब्ध करवाए गए। भामाशाह कमला सिंघी की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसपी दिनेशकुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी अनुशासन व परिश्रम को आत्मसात कर अपना लक्ष्य अर्जित करें। प्रधानाचार्या अनिता सुरेका ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। आयोजन को विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच व शिक्षाविद स्नेह प्रभा मिश्रा ने भी




संबोधित किया। बतौर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुशीला देवी क्याल, विनय माटोलिया,मूलचंद तिवाड़ी, अरविंद जालान, हरिप्रसाद तोदी, हाजी मोहम्मद, राजकुमार क्याल, कमल दाधीच आदि मंचस्थ थे। प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह ने सहयोग के लिए क्लब का आभार व्यक्त किया। संचालन क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने किया। अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण की ओर से स्वागत प्रधानाचार्य शिवपालसिंह, अनिता सुरेका, रामेश्वरलाल खीचड़, प्रेमचंद फलवाड़िया, सुमन जानूं, अनिता सैनी, नरेश प्रजापत, कुलदीप शर्मा, सविता मिश्रा, कुरड़ाराम, सुमन सिहाग, पूनमचंद रैगर, राजेंद्र डोगीवाल, सीमा चौधरी आदि ने किया।

# युवक पर जानलेवा हमला, नकदी व जेवर लूटे

जयपुर टाइम्स

नावा शहर (निस)। शहर थाना क्षेत्र में चौसला में एक युवक के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला करने, नकदी व कीमती सामान लूटने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित भोलूराम पुत्र उदाराम , निवासी कुणी ने बताया कि उसके गांव के ही नंदकिशोर पुत्र मुलाराम ने उससे 80 हजार रुपये की मांग की थी। रुपये अपने पास नहीं होने पर पीड़ित ने रिश्तेदार से फोन-पे के माध्यम से शनिवार 9 जनवरी 2025 को करीब 4 बजे चौसला में रुपये भिजवाए। इसके बाद आरोपी उसे बहाने से अलग-अलग स्थानों पर ले जाते रहे। पीड़ित के अनुसार शाम होने के बाद नंदकिशोर ने अपने साथियों सुवाराम पुत्र भीवाराम को बुला लिया। रात करीब 8:30 से 9 बजे के बीच तीनों आरोपी उसे जबरन एक कार में बैठाकर ले गए। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित से मोबाइल फोन, हिसाब-किताब की डायरी और सोने की अंगूठी, 1 लाख 30 हजार रुपये की नगदी छीन ली। इसके बाद उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई, आरोपियो ने पीड़ित के हाथ व मोह को नोच खाया जिससे वह बेहोश हो गया आरोपियो की हैवानियत वहां तक नही रुकी पीड़ित के बेहोश होने पर गाड़ी की टक्कर मारकर भी उसे जान से मारने का प्रयास किया गया लेकिन यहां जाको रखे साइया मार सके न कोय वाली कहावत चरितार्थ हुई और पीड़ित की जान तो बच गई। काफी समय बाद होश आने पर पीड़ित खून से लथपथ हालत में पास के पेट्रोल पंप कार्यालय पहुंचा, जहां से उसने अपने परिजनों को सूचना दी। परिजन करीब रात 11 बजे मौके पर पहुंचे और उसे नावा शहर थाना ले जाया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ित को नावा शहर के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज कराया गया। पीड़ित की लिखित रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की जांच हेडकोस्टेबल हरि मोहन द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खोरू धाम बालाजी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** खोरू धाम स्थित बालाजी मंदिर में मकर संक्रांति के महापर्व पर विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। मंदिर के महंत बनवारी लाल पुजारी ने बताया कि अलसुबह 5 बजे बालाजी महाराज के पट खुलवाकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए बालाजी महाराज को गर्म वस्त्र व हीटर भेंट किए गए।पूजन के दौरान मातृ शक्तियों ने मंगल गीत गाए, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम का आयोजन जलदाय विभाग के एईएन मनीष मिल की ओर से किया गया। आयोजन में मदन मिल, जीवन मिल, भगवा रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष जयशंकर पुजारी, ताराचंद ठेकेदार, सुरेंद्र मिल, नेमीचंद मिल, विनोद श्यामोता, बनवारी मिल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# श्री चौकवाले बालाजी का वार्षिकोत्सव शूरू



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** स्थानीय धानुका आदर्श विद्या मंदिर के पास स्थित श्री चौकवाले बालाजी मंदिर का द्वादश वार्षिकोत्सव अखंड रामचरित मानस पाठ के साथ शुरू हुआ। आयोजन समिति के कुणाल व्यास ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन के अंतर्गत गुरुवार सुबह बालाजी महाराज का पूजन कर पाठ वाचकों मनोज महर्षि व चन्द्र प्रकाश काछवाल ने मानस की चौपाइयों के सुमधुर संगान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजक व्यास परिवार की ओर से पूर्व पार्षद राहुल व्यास ने सपत्नीक विधि विधानपूर्वक पूजन किया। पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया, कुलदीप व्यास, मंदिर पुजारी घनश्याम शर्मा, नवीन व्यास, मोनिका व्यास, दीक्षा आदि ने प्रातःकालीन पूजन में भाग लिया। द्वितीय दिवस प्रातः हनुमत रुद्राभिषेक होगा तथा सायं भक्ति संगीत कार्यक्रम में नगर के भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे।


## कार्यालय नगरपालिका पावटा - प्रागपुरा (कोटपूतली - बहरोड़)

क्रंमाक :न.पा.पाव.प्रा. / भूमि / 2025-26/1174 दिनांक :-12-01-2026

प्रारूप-10
(नियम 6 (7)

**: लोक सूचना :**

श्री अशोक, दौलत पुत्रान श्री रामेशवर व श्रीमती कमली देवी पत्नी श्री रामेशवर जाति जाट निवासी भौनावास हाल निवासी पावटा तहसील पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतू ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| पावटा–कोटपूतली-बहरोड | शिवनगर | 2494/ 1874 | 8667 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिवृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजो के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा ।

उपर्युक्त नियम समय-समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा की किसी को आक्षेप नही है। और तदानुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेंरे हस्ताक्षर व मोहर के अधिन आज दिनांक .... को जारी की गई है।

(फतेह सिंह मीणा)
प्राधिकृत अधिकारी
नगरपालिका पावटा - प्रागपुरा

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुजाना पंचायत समिति खण्डेला (सीकर)

पत्रांक : 125-126 दिनांक : 08/01/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या-6-7/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा सिंगल फेस ट्यूबवैल निर्माण कार्यों को पूर्ण सम्पादित करने हेतु तीन / दो वर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटी के साथ उपर्युक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई टेण्डर प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http//eproc.rajasthan.gov.in, http// sppp. raj.nic.in पर देखा जा सकता है। उक्त कार्य के NIB NO-PIT2526A0299, PIT2526A0300 UBN NO-PIT2526WSOB00302, UBN NO-PIT2526 WSOB00303

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सुजाना

प्रशासक
ग्राम पंचायत सुजाना

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड रतनगढ़

क्रमांकः :- दिनांकः:--

**ई-निविदा सूचना संख्या : 26/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला चूरू में सड़क निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'एए' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी । निविदा से संबंधित विवरणः वेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है ।

NIB No. PWD2526A5022
UBN No- PWD2526WSOB20138

अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि खण्ड रतनगढ़

DIPR/C/527/2026


## राष्ट्र जागरण ज्योति कलश रथ यात्रा का समापन

# गायत्री मिशन का संदेश घर-घर पहुंचाने का हजारों श्रद्धालुओं ने लिया संकल्प

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ(निस)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्र जागरण ज्योति कलश रथ यात्रा का चूरू उपजोन के चारों जिलों चूरू, झुंझुनू, सीकर एवं बीकानेर के गायत्री परिजनों की सहभागिता से नवलगढ़ में भव्य समापन संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने राष्ट्र व समाज के उत्थान तथा गायत्री मिशन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का विराट संकल्प लिया। पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्री राम शर्मा आचार्य जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का लोगो ने शपथ ली। इस अवसर पर नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ यज्ञ में श्रद्धालुओं ने गायत्री महामंत्र के माध्यम से आहुतियां समर्पित की। जिला संयोजक देवेंद्र सिंह ओलखा ने स्वागत भाषण दिया। झुंझुनू जिले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। समापन समारोह में शांतिकुंज हरिद्वार के वरिष्ठ प्रतिनिधि राम सिंह राठौड़, प्रांतीय संगठन समन्वयक, पुष्कर टोली प्रमुख गोपाल स्वामी, उप जोन समन्वयक बालदान चारण, वैद्य गिरधारी लाल शर्मा, सीकर जिला समन्वयक महावीर प्रसाद वैद्य, बीकानेर जिला समन्वयक पवन ओझा, चूरू जिला सह-समन्वयक उम्मेद सिंह राठौड़, झुंझुनू जिला समन्वयक देवेंद्र सिंह ओलखा, मुख्य ट्रस्टी बृज लाल मारोठिया, डॉक्टर दया शंकर जांगिड़, गायत्री चेतना केंद्र पिलानी के ट्रस्टी गोविंद सोनी, कैलाश चोटियां, मुरारी लाल सोनी, रामजी लाल फोगाट, वरिष्ठ सदस्य मंचस्थ रहे। सभी अतिथियों का माला, साफा, प्रतीक चिन्ह देकर गायत्री परिवार नवलगढ़ ने स्वागत किया। गायत्री परिवार नवलगढ़ के ब्लॉक समन्वयक व प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार दायमा ने बताया कि इस अवसर पर जिले, ब्लॉक व क्षेत्र स्तर पर उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले सैकड़ों कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। साथ ही नवलगढ़ गायत्री परिवार के ट्रस्टी व सक्रिय कार्यकर्ताओं बृजलाल मारोठिया, मोहनलाल चूड़ीवाल, भंवरलाल जांगिड़, चिरंजीलाल सैनी, कैलाश चोटिया, रथ यात्रा के संयोजक कल्याण सिंह झाझड़, डॉ. दया शंकर जांगिड़, ब्लॉक संयोजक कृष्ण कुमार दायमा, शंकरलाल गुर्जर, ओमप्रकाश धाभाई, संतोष दायमा, रंजना शर्मा, दीपमाला शर्मा, जगदीश जांगिड़, चंद्रकला पारीक, जगदीश पारीक का उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता राम सिंह राठौड़ ने कहा कि गायत्री के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना ही सच्ची सेवा है। 'हम सुधरेंगे युग सुधरेगा' के अभियान को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने सदाचार, सेवा, संयम और संस्कारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर चूरू उप जोन समन्वयक बालदान सिंह चारण ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठनात्मक मजबूती व सक्रिय सहभागिता पर बल दिया। पंडित राम शर्मा आचार्य के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। श्री गोपाल स्वामी के सान्निध्य में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का विधिवत आयोजन किया गया, तरह संगीतमय कर्मकांड संपन्न करवाया।

# युवा चित्रकार भींवराज सिंहमार का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** शहर के निकटवर्ती सांडवा कस्बे के युवा चित्रकार भींवराज सिंहमार को जयपुर में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हाथों राजस्थान यूथ आइकॉन अवार्ड 2026 से सम्मानित होने के बाद बीदासर आगमन पर गुरुवार को बार संघ बीदासर के अधिवक्ताओं ने माला-साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान भींवराज ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहां कि मुझ जैसे छोटे से प्रतिभा को राज्य स्तर पर जो मंच देकर सम्मानित किया गया, वो मेरे लिए और क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का विषय है। इस मौके पर बार संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर भामूं, अरविंद चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता दीनदयाल प्रजापत, मोहम्मद शाहिद सोलंकी, आमीन शेख, सज्जन चोटियां, गोविंद मेघवाल, तिलोक पिलानियां, अख्तर सोलंकी, रिजवान बागोट, ईरफान सोलंकी, वसीम कानूनीया, सलमान भुट्टा, राधाकिशन धेड्डु, परमानंद बिजारणियां, आरती डूंखवाल, राजकुमार ढाका, रजतराज शर्मा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहें। गौरतलब है कि भींवराज सिंहमार युवाओं के नेतृत्व विकास, कला संस्कृति, कला शिक्षा, सामाजिक जागरुकता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक आदान प्रदान जैसे विषयों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे है और इन्होंने क्षेत्र में बहुत सारी चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की व भींवराज की ओर से लॉकडाउन में सड़कों पर विशाल पेंटिंग बनाई गई। जो चारों तरफ चर्चा का विषय बनी। जो पेंटिंग ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज की गई। भींवराज को राष्ट्र रत्न, भारत सरकार, राजस्थान सरकार, राजस्थान पुलिस, पर्यटन विभाग व जिला प्रशासन, सामाजिक कार्यक्रमों आदि में कुल 100 से ज्यादा पुरस्कार मिल चुके है। भींवराज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया।

# दिसनाऊ में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

## 25 किसानों ने सीखे व्यावहारिक गुर

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लक्ष्मणगढ़ उपखंड के दिसनाऊ गांव में किसानों को रासायनिक खेती से मुक्त कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बजाज फाउंडेशन की ओर से आयोजित उक्त कार्यशाला में गांव के 25 किसानों ने भाग लिया।कार्यक्रम किसान सूर्य प्रकाश शर्मा के खेत पर आयोजित हुआ। प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर अरुण कुमार शर्मा ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व, लाभ और व्यावहारिक पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से खेती की लागत घटती है, मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और उपज स्वास्थ्यवर्धक व सुरक्षित होती है। यह पद्धति पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत जैसे प्राकृतिक इनपुट्स के साथ-साथ नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र व अग्नियास्त्र जैसे प्राकृतिक कीट नियंत्रण उपायों की जानकारी दी गई। देसी गाय आधारित खेती, मिट्टी में जीवांश बढ़ाने और फसलों की प्राकृतिक देखभाल के तरीकों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान अपने परिवार के लिए अनाज, सब्जी व अन्य खाद्य सामग्री स्वयं उत्पादन कर सकते हैं, जिससे आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। इस अवसर पर बजाज फाउंडेशन सीकर के कार्यक्रम अधिकारी मोहन दोगाया ने कहा कि फाउंडेशन किसानों को टिकाऊ, लाभकारी व पर्यावरण-अनुकूल खेती से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यशाला के अंत में किसानों ने प्राकृतिक खेती अपनाने का संकल्प लिया।

# पोस्टर प्रतियोगिता में डिंपल प्रथम व दिव्या दूसरे स्थान पर रही

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में आयोजित स्वामी विवेकानंद जयन्ती सप्ताह के अंतर्गत चौथे दिन गुरुवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और भविष्य की दुनिया विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डिंपल प्रथम तथा दिव्या दूसरे स्थान पर रही। महाविद्यालय की सहायक आचार्य सुमन और लता गुर्जर ने निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सहायक आचार्य भवानीशंकर ने विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बारे में बताया तथा भविष्य में इससे विश्व में होने वाले आमूलचूल परिवर्तनों के बारे में संभावना व्यक्त की। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो कविता शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर आशीर्वाद प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को और अधिक संख्या में सहभागिता के लिए आह्वान किया।

# अधिशाषी अधिकारी का स्वागत कर समस्याओं से अवगत कराया



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** डुंडलोद स्थानीय नगर पालिका में नवनियुक्त कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी कृष्ण कुमार का गुरुवार को स्वागत किया गया। भाजपा नेता शंकर लाल शर्मा के नेतृत्व में कस्बे के प्रबुद्ध जनों ने कृष्ण कुमार का सुमन माल पहनाकर स्वागत किया। कस्बे की टूटी हुई सड़कों की मरम्मत कराने, खराब स्ट्रीट लाइट बदलने, कचरे का नियमित संग्रहण व निस्तारण, आम रास्तों की सफाई एवं पानी की निकासी जैसी मूलभूत समस्याओं से भी अवगत कराया गया। अधिशाषी अधिकारी ने आमजन के सहयोग की अपेक्षा करते हुए सभी समस्याओं के यथासंभव त्वरित समाधान का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर महेश सिंह बडगूजर, मुकेश पारीक, सुभाष भूत, हुसैन खान, दौलत सिंह गढ़वाल, शेर सिंह धाबाई, महेश भादूपोता, सीताराम सैनी, सीताराम जीनगर, मदनलाल स्वामी व सतु सिंह उदावत आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर गौसेवा की अनूठी मिसाल, श्रीराम गौशाला में उमड़ा दान-पुण्य का सैलाब

जयपुर टाइम्स



सुमेरपुर। शहर सहित पूरे उपखंड क्षेत्र में मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर नगर में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित हुए। जगह-जगह गौ माता को हरा चारा, गुड़, सेली व लापसी अर्पित की गई। इसी क्रम में श्रीराम गौशाला कोलीवाडा में दानदाताओं की सानिध्य में ऐतिहासिक आयोजन हुए, जहां गोवंश सेवा के साथ मानव सेवा की भी प्रेरक झलक देखने को मिली। गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जाखामाजी सेवा मंडल सुमेरपुर की ओर से चार क्विंटल लापसी तथा मंडल अध्यक्ष खीमाराम देवड़ा की ओर से चार क्विंटल तिल-सेली का गोवंश को भोग लगाया गया। भामाशाह चंपालाल चांदोरा व उनकी धर्मपत्नी ने विधिवत गौ-पूजन कर महाआरती की और गौशाला कर्मचारियों को ऊनी कंबल वितरित किए। चांदोरा परिवार द्वारा अब तक किए गए सेवा कार्यों ने अन्य दानदाताओं को भी प्रेरित किया है। वहीं शिवलाल परिहार ने पूर्व में ट्रैक्टर-टॉली सहित आवश्यक सामग्री भेंट कर गौसेवा में योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर महिलाओं व बुजुर्गों तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु गौशाला पहुंचे। सभी ने अपने हाथों से गुड़, सेली, लापसी व हरा चारा खिलाकर गौ माता का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात चंपालाल चांदोरा परिवार एवं गौशाला पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक महाआरती की गई। धार्मिक आयोजनों के साथ कैलेंडर का विमोचन मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में गौशाला सेवा समिति द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर का विमोचन अध्यक्ष धीरज सांखला के सानिध्य में भामाशाह खीमाराम देवड़ा, चंपालाल चांदोरा, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रंजू रामावत, मंत्री भंवरलाल परमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार व कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित के कर-कमलों से किया गया। इस अवसर पर दानदाताओं का दुपट्टा पहनाकर मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। गौशाला व्यवस्थापक पुखराज कुमावत ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी का यह पहला मकर संक्रांति पर्व था, जिसे सभी सदस्यों व भामाशाहों ने बड़े उत्साह से मनाया। साथ ही गौशाला में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कर आगे की योजनाओं पर चर्चा की गई। संक्रांति पर्व पर किसी ने रोकड़ दान किया तो किसी ने गुड़ व हरा चारा भेंट कर पुण्य लाभ कमाया। अरविंद स्टूडियो सुमेरपुर, भंवरलाल परमार, शिवलाल परिहार, विक्रम कुमार, भीम सिंह गुड़ा जेतावता, श्रीमती कन्या देवी परिहार सहित अनेक दानदाताओं ने गुड़ व हरा चारा भेंट किया। वहीं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ज्योतिष गुरु चेतन शर्मा, पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता दयाराम माधव, कांग्रेस नेता रंजू रामावत, शिवेंद्र सिंह कोलीवाडा, हरिकृष्ण वैष्णव सहित अन्य भामाशाहों ने नकद सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में एडवोकेट हनवंत सिंह, खीमाराम कुमावत, अमर सिंह, हड़मत सिंह, शिवेंद्र जीत सिंह, पदम सिंह, मदन माली सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे। मकर संक्रांति के इस पावन अवसर पर श्रीराम गौशाला में गौसेवा, दान-पुण्य और सामाजिक समरसता की अनुपम मिसाल देखने को मिली।

## पूर्व विधायक के जन्मदिन पर आयोजित होंगे जनहितार्थ कार्य



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के जन्मदिन पर विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चेरेटीबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय जन हितार्थ कार्यो की तैयारियों को लेकर धाकड़ समाज के कार्यालय पर पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैया लाल धाकड़ की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यकर्ताओं को कंबल वितरण, मरीजों को फल वितरण, गायों को चारा खिलाने आदि कार्यो व 18 जनवरी को त्रिवेणी संगम महादेव पर आयोजित किए जाने वाले विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर के लिए अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में विवेक सुषमा धाकड़ चेरेटीबल ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़, ऊपर माल किसान पंचायत के अध्यक्ष नारायण लाल धाकड़, धाकड़ समाज पंचायत के अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़, थड़ौदा सरपंच राजेश धाकड़, आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सैकंडरी स्कूल के सचिव रमेश धाकड़ समेत कई समर्थक मौजूद रहे।

## बघेरवाल सामाजिक संस्था प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे के दिगंबर जैन पारसनाथ क्षेत्र पर गुरुवार को समग्र दिगंबर जैन बघेरवाल सामाजिक संस्था मेवाड़ प्रांत के प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारी राजेश पटवारी ने बताया कि अध्यक्ष कल्याणमल धनोपिया रावतभाटा, मंत्री जम्बूकुमार धनोपिया और कोषाध्यक्ष सुनील कुमार पटवारी निर्वाचित हुए।सभी प्रबंध कार्यकारिणी का माला पहनकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मेवाड़ प्रांत के 15 केंद्रीय प्रतिनिधि और मेवाड़ प्रांत के निर्वाचित सभी सदस्य मौजूद रहे। केंद्रीय अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन के अलावा भगवती लाल मोहिवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

## अवैध हथियार सहित दो व्यक्ति गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व वृत्ताधिकारी मनियां खलील अहमद के निकटतम सुपरविजन में अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थानाधिकारी मनियां नीरज शर्मा पुलिस निरीक्षक मय टीम द्वारा एक कट्टा 12 बोर व एक कट्टा 315 बोर सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। मुखबिर की सूचना पर प्रधुम्न सिंह एएसआई मय टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बडागांव रोड़ से मुल्जिम कृष्ण पुत्र श्रीनिवास गुर्जर उम्र 30 साल निवासी बडागांव थाना मनियां जिला धौलपुर को अवैध हथियार एक देशी कट्टा 12 बोर सहित पकड़ा। इसी प्रकार हरीसिंह उप निरीक्षक मय टीम ने मुखबिर की सूचना पर मुल्जिम धर्मेन्द्र सिंह पुत्र विधाराम गुर्जर उम्र 38 साल निवासी बडागांव थाना मनियां जिला धौलपुर को बरैठा रोड़ से एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर सहित पकड़ा। दोनों अवैध हथियारों को मौके पर पुलिस कब्जे में लिया गया एवं मुल्जिम कृष्ण व धर्मेन्द्र सिंह को पृथक-पृथक गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनों मुल्जिमों के विरुद्ध धारा आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ जारी है।



## विराट हिंदू महासम्मेलन को लेकर मांगरोल में धर्म ध्वजा व भूमि का पूजन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के उपखंड मनिया क्षेत्र के गांव मांगरोल में विराट हिंदू महासम्मेलन के लिए गांव मांगरोल किया गया धर्म ध्वजा व भूमि का पूजन किया गया। जिला सह मंत्री मनोज सोनी ने ने बताया एक फरवरी 2026.को मांगरोल मंडल में होगा विराट हिंदू महासम्मेलन का आयोजन, गांव मांगरोल में 7 गांव के हिंदू समाज के प्रबुद्ध जन व माताएं ध्वजापूजन में शामिल हुई। हिंदू सम्मेलन के मांगरोल उपाध्यक्ष जगदेव लोधा, बालगोविंदपुरा के उपाध्यक्ष अमर सिंह कुशवाहा, लूलापुरा उपाध्यक्ष रामखिलाड़ी कुशवाहा व कोषाध्यक्ष दिवारीलाल प्रजापति सहित कई लोग मौजूद रहे।



## कचरे के ढेर में मिला प्रीटर्म नवजात, इंसानियत शर्मसार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर में इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। ओडेला रोड स्थित आरएसी के सामने आबकारी थाने के पास कचरे के ढेर में एक प्रीटर्म (समय से पहले जन्मा) नवजात शिशु मिला। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर राजस्थान पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी भिजवाया गया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि शिशु को यहां किसने और किन परिस्थितियों में छोड़ा।

### धौलपुर में स्वास्थ्य से खुलेआम खिलवाड़:

# हाइपरसिटी रेस्टोरेंट-डेली शॉप पर स्वास्थ्य विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई, एक्सपायरी खाद्य पदार्थों का भंडार पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर में आमजन की जान से खिलवाड़ करने वालों पर स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। धौलपुर हाइपरसिटी रेस्टोरेंट एवं डेली शॉप पर की गई औचक जांच में बड़ी मात्रा में खराब, दूषित और एक्सपायरी खाद्य सामग्री सामने आने से हड़कंप मच गया। लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ धर्म सिंह मीणा के निर्देशन में टीम ने बड़ी रोड स्थित चौपाटी क्षेत्र और मॉल परिसर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान




खाद्य सामग्री खुले में, गंदगी के बीच रखी मिली, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ था। कई खाद्य पदार्थ निर्धारित तिथि से काफी पहले ही उपयोग योग्य नहीं रहे थे, इसके बावजूद उन्हें हटाया नहीं गया था। फ्रूट्स इंस्पेक्टर पदम सिंह को मौके पर बुलाकर संदिग्ध सामग्री की विस्तृत जांच कराई गई। विभागीय टीम ने नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर एक्सपायरी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों को तत्काल जब्त कर लिया और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। सीएमएचओ ने कहा कि इस तरह की लापरवाही सीधे तौर पर लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा है। खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों पर आने वाले दिनों में और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की इस सख्त कार्रवाई से शहर के होटल, रेस्टोरेंट और डेली शॉप संचालकों में डर का माहौल है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सजग रहें और कहीं भी दूषित, मिलावटी या एक्सपायरी खाद्य सामग्री दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें, ताकि जनस्वास्थ्य की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## संघर्ष से स्वावलंबन तकः ई-रिक्शा ने बदली एक दिव्यांग की जिंदगी

जयपुर टाइम्स





**धौलपुर(निस)।** चन्दन सिंह एक छोटे से गांव में रहने वाले दिव्यांग है। उनका परिवार आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर था। दिव्यांगता के कारण वे शारीरिक श्रम करने में असमर्थ थे और घर की जिम्मेदारियां निभाना उनके लिए दिन-प्रतिदिन कठिन होती जा रही थी। सीमित आमदनी, बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा के खर्चो ने उनके जीवन को संघर्षो से भर दिया था। कई बार उन्हें दूसरों पर निर्भर रहता पड़ता, जिससे आत्मसम्मान को गहरी ठेस पहुचती थी। इन कठिन परिस्थितियों के बीच एक दिन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बाड़ी के अधिकारियों ने उनके क्षेत्र में जागरूकता शिविर लगाया। वहां श्री चन्दन सिंह को मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने उन्हें समझाया कि यह योजना दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए है और इसके अन्तर्गत स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। विभागीय कर्मचारियों ने स्वयं उनकी मदद से ऑनलाइन आवेदन करवाया, जिससे चन्दन सिंह को पहली बार यह भरोसा मिला कि सरकार सच में उनके साथ खड़ी है। कुछ समय बाद चन्दन सिंह को सूचना मिली कि उनका आवेदन स्वीकृत हो गया है और उन्हें ई-रिक्शा खरीदने के लिए 50 हजार रूपये की सब्सिडी प्रदान की गई है। यह खबर उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं थी। ई-रिक्शा मिलने के बाद उन्होंने मेहनत और ईमानदारी से काम शुरू किया। अब वे प्रतिदिन सम्मानपूर्वक कमाई करने लगे। पहले जहां घर चलाना मुश्किल था, वहीं अब उनकी मासिक आय में स्थिर वृद्धि होने लगी। इस योजना से चन्दन सिंह के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। बच्चों की पढ़ाई नियमित हो गई, घर की आर्थिक स्थिति सुधरी और परिवार में खुशहाली लौट आई। सबसे बड़ा बदलाव उनके आत्मविश्वास में आया, अब वे स्वयं को समाज में बोझ नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार और आत्मनिर्भर नागरिक महसूस करते है। लोग उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखने लगे है। आज चन्दन सिंह न केवल अपने परिवार का बेहतर भविष्य देख रहे है, बल्कि आगे चलकर एक और ई-रिक्शा लेकर किसी अन्य जरूरतमंद को रोजगार देने का सपना भी संजो रहे है। उनकी कहानी इस बात का सशक्त प्रमाण है कि मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार योजना जैसी पहले दिव्यांगजनों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकती है। यह योजना न केवल आर्थिक सहायता देती है बल्कि आत्मसम्मान, स्वावलंबन और सामाजिक समानता का मजबूत संदेश भी समाज तक पहुंचाती है।

## शहीद समिति तसीमों ने मकर संक्रांति पर 550 गरीब व असहायों को बांटे कंबल

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** शहीदों की पावन धरती तसीमों में मकर संक्रांति केअवसर पर शहीद छत्तरसिंह पंचम सिंह सेवा समिति तसीमों की ओर से फौजी गार्डन तसीमों में कंबल वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 550 गरीब व असहाय जरूरतमंदों को 550 कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी मांगीलाल मित्तल ने की, जबकि पूर्व प्रधान धौलपुर मीनाक्षी शर्मा मुख्य अतिथि रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में धौलपुर रोडवेज के मुख्य प्रबंधक जगजीत सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज त्यागी, तसीमों सरपंच नीलम परमार, भगवती प्रसाद शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पहले सभी जन शहीद स्मारक पहुंच कर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात शहीद समिति के पदाधिकारियों की ओर से अतिथियों का साफा, माला एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मीनाक्षी शर्मा ने शहीद परिजनों को शौल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कहा कि शहीदों की इस पावन भूमि पर आना मेरे लिए गर्व और भाग्य की बात है। शहीदों के परिजनों का सम्मान करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर धौलपुर रोडवेज के मुख्य प्रबंधक जगजीत सिंह ने तसीमों वासियों के निवेदन पर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात देते हुए तसीमों-सैंपऊ-बाड़ी होते हुए कैलादेवी तक रोडवेज बस सेवा शीघ्र शुरू करने का आश्वासन दिया। उनके इस ऐलान पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज त्यागी ने कहा कि शहीद समिति के आग्रह पर वे निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रख्यात कवि व शिक्षाविद डॉ. श्यामवीर परमार ने काव्य-पाठ के माध्यम से समारोह को भावनात्मक और प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर तसीमों सरपंच प्रतिनिधि रामौतार फौजी , धर्मवीर कुशवाह, सुघर सिंह परमार, हरेंद्र परमार, कोमल ठाकुर, सोनू पंच आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण, शहीद समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## अवैध शराब बिक्री और सट्टे के कारोबार को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

### जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले के मनियां थाना क्षेत्र के ग्राम नयापुरा, दुबाटी में अवैध शराब बिक्री और सट्टे के कारोबार को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया है। ग्रामीणों ने जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोग लंबे समय से खुलेआम अवैध शराब बेचने और जुआ-सट्टे का संचालन कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार राजू पुत्र ठाकुर और प्रताप पुत्र ज्योतिराम अवैध रूप से शराब व अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री करते हैं, वहीं अशोक पुत्र मोहन और अजीत उर्फ पंताप सिंह जुआ-सट्टे का काम करते हैं। इन गतिविधियों के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है और युवाओं व स्कूली बच्चों पर इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है। शराबियों के जमावड़े से गाली-गलौज और मारपीट की स्थिति बन जाती है, जिससे महिलाओं और बेटियों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी मनियां थाना में शिकायत दी गई थी। पुलिस टीम जांच के लिए पहुंची, लेकिन कार्रवाई अधूरी रही और अवैध कारोबार करने वालों पर ठोस कदम नहीं उठाए गए।
ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति और सुरक्षित माहौल कायम हो सके।

## भोले बाबा डेयरी पर आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले के रीको औद्योगिक क्षेत्र में स्थित भोले बाबा डेयरी पर गुरुवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा। टीम के पहुंचने से डेयरी प्रबंधन और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आयकर विभाग की टीम परिसर में गहन जांच-पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की टीम तड़के डेयरी पहुंची और परिसर को अपने नियंत्रण में ले लिया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदर थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। पुलिस बल ने डेयरी परिसर के बाहर सुरक्षा घेरा बनाया। डेयरी कर्मचारियों को बाहर जाने से रोका सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की टीम ने डेयरी कर्मचारियों को बाहर जाने से रोक दिया है, जबकि बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। टीम डेयरी के अंदर दस्तावेजों, खातों और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच कर रही है। इसमें कंप्यूटर सिस्टम, लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड और संभावित वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल शामिल है।इस अचानक हुई कार्रवाई को लेकर रीको क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, आयकर विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। कार्रवाई के कारणों और जांच के दायरे को लेकर स्थिति फिलहाल स्पष्ट नहीं है। आयकर विभाग की टीम की कार्रवाई जारी स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह भारी संख्या में वाहनों और अधिकारियों को डेयरी परिसर में प्रवेश करते देख इलाके में हलचल मच गई। लोग इस कार्रवाई को लेकर कयास लगा रहे हैं। वहीं, डेयरी प्रबंधन की ओर से भी इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग की टीम कई घंटों तक मौके पर रहकर जांच जारी रख सकती है। जांच के दौरान यदि किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या कर चोरी से जुड़े तथ्य सामने आते हैं, तो आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

## वाहन चालकों के नेत्रों का परीक्षण, वाहनों पर लगाए गुड्स सेमिरेटन जागरूकता स्टिकर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर (निस)।** राजस्थान सरकार की ओर से मनाया जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन विभाग व यातायात पुलिस की ओर से वाहन चालकों की नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय के सहयोग से लगाया गया जिसमें वाहन चालकों के नेत्रों का परीक्षण कराया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नियमित कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुलाब बाग स्थित ट्राफिक पॉइंट पर यातायात पुलिस के सहयोग से नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वाहन चालकों की आंखों का परीक्षण कराया गया। प्रशिक्षण में जिन चालकों को नेत्र दोष पाया गया उन्हें विधायक दी गई कि वह चश्मे का प्रयोग करें और नियमित परीक्षण करते रहे। इस अवसर पर यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि वाहन चालक वाहन चलाते समय पर्याप्त नींद ले और अनिद्रा की स्थिति में कभी भी वहां ना चलाएं नेत्रों को विशेषज्ञ की ओर से वाहन चालकों को नेत्र संबंधी सुझाव दिए गए। इसके अलावा विभाग की ओर से अच्छा सेमी रिटर्न योजना के प्रचार प्रचार के लिए राजाखेड़ा बाईपास पर वाहनों पर अच्छा समीकरण स्टीकर लगाए गए तथा वाहन चालकों के साथ समझाइश अभियान चलाया गया। परिवहन निरीक्षक शैलेंद्र वर्मा ने चालकों से कहा कि वह वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा सड़क पर घायल को तत्काल प्रभाव से गोल्डन हॉर्स में चिकित्सालय पहुंचकर मानव धर्म निभाएं और सरकार की प्रोत्साहन राशि के भागीदार बने इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने भी वाहन चालकों के साथ समझा इसकी। परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा मा के अंतर्गत राजकीय महात्मा गांधी सिटी कोतवाली विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय सिख से सुरक्षा टेक्नोलॉजी से परिवर्तन रहा विद्यालय की प्रधानाचार्य राम परमार ने अतिथियों का पुष्प बैठकर सम्मान कियार। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग की ओर से विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन ऑन के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच यातायात नियमों को लेकर चेतना पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग की ओर से इस प्रकार के आयोजन माह में एक बार होना जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई कार्यक्रम में परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत शैलेंद्र वर्मा शारीरिक शिक्षक अजय बघेल, पूर्णिमा शर्मा, किरण गोगोई, अनिल शर्मा, सुशील गुप्ता, जितेंद्र परमार, भानु प्रताप व महेश प्रभाकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## दिनदहाड़े अपहरण का प्रयास, मारपीट व लूट का आरोप

### पीड़ित पुलिस अधीक्षक से मिला, कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** निहालगंज थाना क्षेत्र के तलैया रोड निवासी एक व्यापारी के साथ 13 जनवरी शाम को दिनदहाड़े अपहरण का प्रयास, मारपीट और लूट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पीड़ित ने निहालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज न होने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक विकास सागवान से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, वह 13 जनवरी की शाम करीब 6:30 बजे बाजार से तगादा वसूली कर हलवाई खाना रोड होते हुए अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह हनुमान मंदिर के पास पहुंचा, तभी एक अर्टिगा कार उसके पास आकर रुकी। कार से उतरकर एक व्यक्ति ने स्वयं को गिर्राज ट्रेडर्स, जौरा का मालिक गिर्राज बंसल बताया। उसके साथ तीन लोग पुलिस वर्दी में और चार अन्य सादा कपड़ों में मौजूद थे। आरोप है कि उक्त लोगों ने व्यापारी को जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया। कारण पूछने और गिरफ्तारी वारंट दिखाने की मांग करने पर कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने व्यापारी के साथ थप्पड़ व मारपीट की और तगादे का थैला छीन लिया, जिसमें करीब 1.50 लाख रुपये नकद थे। साथ ही गले से सोने की चेन भी खींच ली गई। इसी दौरान पीड़ित का पुत्र वंश जैन मंदिर जा रहा था। उसने घटना देख शोर मचाया और लोगों को बुलाया। आरोप है कि आरोपी व्यापारी को जबरन कार में बैठाकर ले जाने लगे, लेकिन पीछा कर लोगों ने कार रुकवा ली और पीड़ित को बाहर निकाल लिया। जब वंश जैन ने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया तो गिर्राज बंसल ने उसका मोबाइल छीनकर सड़क पर पटक दिया, जिससे मोबाइल टूट गया। घटना के समय बसीम, सुबोध सहित कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसके बाद आरोपी व्यापारी का थैला और सोने की चेन लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने निहालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन कार्रवाई न होने पर वह पुलिस अधीक्षक विकास सागवान से मिलने पहुंचा। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच व आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
16 जनवरी, 2026

# विकसित भारत-जीरामजी योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में सुदृढ़ होंगी सुविधाएं: अविनाश गहलोत

## प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने जिले के देपालसर में रात्रि चौपाल में आमजन के सुने अभाव-अभियोग, अधिकारियों को दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि 'विकसित भारत-जी रामजी योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ सार्वजनिक परिसंपत्तियों का सृजन होगा और जल सुरक्षा व जल संबंधित कार्यों और मुख्य ग्रामीण संरचना से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी। गहलोत मंगलवार को जिले के देपालसर के राउमावि में आयोजित रात्रि चौपाल व जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने आमजन के अभाव-अभियोग सुने और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा 'रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)-विकसित भारत-जी राम जी सहित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता से संवाद किया। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत-जी रामजी योजना' स्थाई आजीविका की गारंटी है और इससे विकसित भारत की नींव मजबूत होगी। उन्होंने बताया



कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्य को कम-से-कम 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की गई। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण ग्राम सभाओं में जाएं और विकास कार्यों में अपनी भागीदारी रखें। गहलोत ने कहा कि चूरू के किसानों को सर्वाधिक फसल बीमा का लाभ मिलता है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार के विगत 02 वर्षों में की गई बजट घोषणाएं धरातल पर उतरकर साकार हो रही हैं और बेहतरीन सुविधाएं विकसित होने से सीधा लाभ जनता को मिलेगा। इसी के साथ राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर सम्मिट में किए गए एमओयू भी धरातल पर उतरकर उनमें उत्पादन प्रारंभ हो गया है। पंच गौरव योजना के अंतर्गत एथलेटिक्स, लकड़ी के उत्पादों, सालासर धाम, ग्वारपाठा व खेजड़ी आदि क्षेत्रीय विशेषताओं को अधिक सुदृढ़ करने के लिए विस्तृत कार्य योजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र की प्यास बुझाने के लिए यमुना का पानी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री स्वयं मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति, पेयजल सप्लाई, सफाई, सड़क मरम्मत, स्थाई पटवारी की नियुक्ति सहित विभिन्न समस्याओं से मंत्री को अवगत करवाया। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब के दर्द को समझते हुए पीएम आवास योजना के अंतर्गत वंचितों को आवास देने का काम किया है। हमारी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा और गरीब हितैषी निर्णय लिए हैं। राजस्थान राज्य वित्त व विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेश सरकार सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ नागरिक सेवाओं के लिए कटिबद्ध प्रयास कर रही है। वासुदेव चावला ने बताया कि वीबीजीरामजी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने, आय को स्थिर करने और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सभी अधिकारियों को प्राप्त परिवादों में समुचित कार्यवाही कर त्वरित निस्तारण की बात कही। इससे पूर्व ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान सीईओ श्वेता कोचर, एसडीएम सुनील कुमार, तहसीलदार अशोक गोरा सहित समस्त जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, निवर्तमान सरपंच बलबीर ढ़ाका, नंदराम गोदारा, ताराचंद भांभू, मनोज तंवर, बाबूलाल, अमरसिंह, दुर्गाप्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बलबीर ढ़ाका ने किया।

## प्लास्टिक मांझे से 15 लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ मे पतंग बाजी और प्लास्टिक मांझे की चपेट में आने से करीब 15 लोगों के घायल हो जाने की जानकारी मिली है। विकास पुत्र झूमरमल माली 30 वर्ष निवासी नलिया बास सुजानगढ़ मोटरसाइकिल पर जाते समय चाइनीज मांझे से गला कटने से गंभीर घायल हो गया, जिसके करीब 8-10 टांके आए। तैयब पुत्र साजिद उम्र 10 वर्ष निवासी वार्ड 18 सुजानगढ़, जिसके पैर मै चाइनीज मांझे की वजह से कटने से 3 टांके आए। भवानी शंकर पुत्र प्रकाश माली उम्र 35 वर्ष निवासी डूंगर रोड सुजानगढ़, जिसके चाइनीज मांझे से 3 टांके, संदीप पुत्र कैलाश स्वामी उम्र 12 वर्ष निवासी लुहारा हाल सुजानगढ़ जो चाइनीज मांझा जलाते समय खुद जल गया। मुँह हाथ पैर पेट आदि जल गए। ओमप्रकाश पुत्र देवाराम उम्र 12 वर्ष निवासी सुजानगढ़ जिसके पतंग उड़ाते समय गिरने से पैर मै 7-8 टांके आए। रामचंद्र पुत्र चुनाराम प्रजापत उम्र 70 वर्ष निवासी चाड़वास जो स्कूटी पर जा रहे थे, जिनके पैर में चाइनीज मांझे से कटने से 3-4 टांके आए। इंसाफ पुत्र सलीम खान उम्र 25 वर्ष निवासी लाडनूं जिसके सुजानगढ़ में होलीधोरा में पतंग उड़ाते समय चोटिल होने से 3 टांके आये। इसके अलावा छोटे छोटे 6-7 केस और आए। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार ने दिन भर घायलों के इलाज में सहायता की। डॉ बंशीधर यादव, डॉ राजन महला, ममता स्वामी, दिनेश आदि नें घायलों का इलाज किया।वही तीन लोगों के छत से गिरने की जानकारी भी मिली है।



## खाकी ने दिखाई मानवता: मकर संक्रांति पर पुलिसकर्मी ने 50 जरूरतमंदों को बांटे कंबल



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** कड़ाके की सर्दी के बीच भालेरी थाना क्षेत्र से मानवता की एक प्रेरक मिसाल सामने आई है। यहां तैनात कांस्टेबल रूपराम ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 50 जरूरतमंद और असहाय लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई। झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब परिवारों के लिए यह सेवा किसी संजीवनी से कम नहीं रही। यह सराहनीय पहल डीएसपी रोहित सांखला की प्रेरणा से साकार हुई। कंबल वितरण के दौरान जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और मुस्कान साफ दिखाई दी। कई लोगों ने इसे सर्द रातों में मिलने वाली सबसे बड़ी मदद बताया। क्षेत्रवासियों ने भी पुलिस के इस मानवीय कदम की खुले दिल से प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में थानाधिकारी सीआई मांगूराम, एएसआई नागरमल मीणा, हरफूल सिंह, चालक विक्रम सिंह, श्रवण कुमार सैनी, भीमसिंह, असलम भाटी, जावेद बहलीम सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सहज, सुव्यवस्थित और सम्मानजनक तरीके से संपन्न कराया। इस अवसर पर डीएसपी रोहित सांखला ने कहा कि 'पुलिस केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, समाज के प्रति हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी उतनी ही अहम है। ऐसे कार्यों से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान मजबूत होता है। कांस्टेबल रूपराम का यह कदम न सिर्फ जरूरतमंदों के लिए राहत बना, बल्कि यह संदेश भी दे गया कि खाकी वर्दी के पीछे एक संवेदनशील दिल भी धड़कता है जो समाज के कमजोर वर्गों के साथ खड़ा है।

## विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ ने जरुरतमंद महिलाओं के बीच मनाया मकर संक्रांति पर्व



जयपुर टाइम्स

**सरदारशह(निस)।** शहर में विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की ओर से कानी देवी सेवा संस्था में जरुरतमंद महिलाओं को मकरसंक्रांति पर्व पर गर्म कपड़े व स्वेटर का वितरण कर पुन्य का कार्य किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजु दाधिच ने कहा कि महिलाओं की ओर से हमेशा ही धर्म व संस्कृति को बचाने का प्रयास किया जाता है। मकरसंक्रांति पर्व के विशेष दिन संगठन की महिला पदाधिकारियों से बात करते ही तुरन्त सभी ने एक राय होकर सरदारशहर में स्थित कानी देवी सेवा संस्था में जरुरतमंद महिलाओं को मकरसंक्रांति पर गर्म कपड़े व स्वेटर देकर सहयोग किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्ष उमा भोजक व कांता व्यास ने कहा कि ऐसे पुनीत कार्य करने से मन में खुशी के साथ साथ जरुरतमंदों की सेवा करने का भी मौका मिलता है। महिला प्रकोष्ठ महामंत्री अंजना भोजक ने सभी सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी हम सब मिलकर संगठन के बैनर तले सामाजिक समरसता के अलग-अलग कार्यों को गति प्रदान करने का प्रयास करेगा। महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी प्रेमलता सारस्वत, कनक भोजक, राधा सारस्वत सहित अन्य संगठन की पदाधिकारी मौजूद रहते हुए सेवा कार्य कर पुन्य कमाया। इस अवसर पर कानी देवी सेवा संस्था की तरफ से व्यवस्थापक गिरधर भाटी ने विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ का आभार व्यक्त करते हुए इसी प्रकार सेवा कार्य करते रहने की अपील की।उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ महामंत्री अंजना भोजक ने दी।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने रखी अपनी मांगें

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान सरकार के बजट पूर्व कर्मचारी संगठनों के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आयोजित बैठक में बजट पर सुझाव व कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष केसर सिंह चांपावत ने अपने प्रेजेंटेशन में कर्मचारियों की मांगों पर बोलते हुए कहा कि राज्य कर्मचारियों को देय तीन ए सी पी, 9वर्ष, 18 वर्ष व 27 वर्ष के स्थान पर 8 वर्ष, 16 वर्ष, 24 वर्ष व 32 वर्ष की सेवा पर चार ए सी पी दिए जाने, प्रबोधकों की प्रबोधक पद पर नियुक्ति से पूर्व की सेवा की गणना किया जाना व वरिष्ठ प्रबोधक के लिए पदोन्नति के चैनल खोलना, उनकी वेतन विसंगति दूर करना तथा प्रबोधको के लिए शहरी क्षेत्र में स्थानांतरण खोलना, संविदा कार्मिकों के सेवा नियम 2022 के तहत नियमितीकरण किया जाना, पूर्ण पेंशन के लिए अर्हक सेवा 25 वर्ष से घटाकर 20 वर्ष करना, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण खोलना, महिला एवं बाल विकास विभाग में



कार्यरत महिला पर्यवेक्षको की बकाया पदोन्नति करते हुए वरिष्ठ सुपरवाइजर के पद को विलुप्त कर अगली पदोन्नति एसीडीपीओ व सीडीपीओ के पद पर दिया जाना, जलदाय कर्मचारियों, लैब टेक्नीशियन कार्मिकों, मंत्रालय कर्मचारियों, वन विभाग कर्मचारियों, कनिष्ठ सहायक, खेल विभाग के कर्मचारियों को कोचेज व खेल अधिकारियों की मांगों सहित संस्कृत शिक्षा विभाग का पृथक से बजट हेड जारी करने सहित अनेक मांगो पर चर्चा करते हुए 27 सूत्रीय मांगपत्र सरकार को सौंपा। महासंघ एकीकृत के प्रदेश महामंत्री जगेश्वर शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व सरकार की ओर से बजट पर मांगे गए सुझावों के तहत महासंघ की ओर से सुझाव पत्र प्रस्तुत करते हुए सरकार की राजस्व वृद्धि के लिए प्रदेश अध्यक्ष की ओर से सुझाव दिए गए। जिलाध्यक्ष राजेश गौड़ ने बताया कि कर्मचारी संगठनो के साथ मुख्यमंत्री की ओर से बजट पूर्व निरंतर बैठकें आयोजित कर उनकी समस्याएं जानने को सरकार का सकारात्मक है।

## बजट पूर्व संवाद में तोदी महाविद्यालय के प्रतिनिधि हुए शामिल



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम वर्मा और दो विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवक ऋषिप्रसाद जांगिड़ व एनसीसी कैडेट अजय राज सिंह ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने बताया कि राजस्थान के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से कुल 70 विद्यार्थियों को इस बजट पूर्व संवाद के लिए आमंत्रित किया गया था। ऐसे महत्वपूर्ण मंच पर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी व विद्यार्थियों का चयन होना संस्थान के लिए गर्व का विषय है। बजट पूर्व संवाद के दौरान कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम वर्मा सहित दोनों विद्यार्थियों ने शिक्षा, युवा सशक्तिकरण व सामाजिक सरोकारों सहित विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री से सीधा संवाद कर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत, सचिव आशकरण शर्मा, प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत आदि ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता व बढ़ते बौद्धिक स्तर पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## भालेरी थाने को मिले 10 बैरिकेट, सड़क हादसों पर लगेगी लगाम

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** क्षेत्र के भालेरी थाना परिसर में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। भालेरी थाने में तैनात सरकारी चालक श्रवण कुमार सैनी की प्रेरणा से धोलेरा ग्रुप की डेलटेक लग्जोरिया कम्पनी के सौजन्य से थाने को 10 बड़े और मजबूत बैरिकेट भेंट किए गए। इन बैरिकेटों का वितरण डीएसपी रोहित सांखला व थानाधिकारी सीआई मांगूराम की मौजूदगी में किया गया। बैरिकेट प्रदानकर्ता तारानगर ऑफिस के मैनेजर राकेश शर्मा बनड़ा ने बताया कि कम्पनी का उद्देश्य सड़क सुरक्षा में सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि इनमें से कोई भी बैरिकेट क्षतिग्रस्त होता है, तो उसकी मरम्मत का पूरा कार्य कम्पनी की ओर कराया जाएगा। साथ ही सभी बैरिकेटों के रख रखाव की जिम्मेदारी भी डेलटेक लग्जोरिया कम्पनी की ओर से निभाई जाएगी ताकि पुलिस को यातायात नियंत्रण में किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीएसपी रोहित सांखला ने इस अवसर पर धोलेरा ग्रुप के एमडी धर्मपाल ढाका, राकेश शर्मा बनड़ा, मांगीलाल सहारण, राजेंद्र ढाका सहित




डेलटेक लग्जोरिया कम्पनी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन मजबूत बैरिकेटों से सड़क पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी तथा दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा। पुलिस की ओर से इन्हें विशेष रूप से संवेदनशील और दुर्घटना संभावित स्थानों पर उपयोग में लिया जाएगा। थानाधिकारी सीआई मांगूराम ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस और समाज के सहयोग से ही सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने दानदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अन्य संस्थाओं से भी आगे आने की अपील की। इस अवसर पर थाने के एएसआई नागरमल मीणा, हरफूल सिंह, एचसी विक्रम सिंह, रामप्रसाद, भैरूसिंह, रूपाराम, हरीओम, कृष्ण कुमार, रोहिताश, संदीप, सुरेश, शंकर सहित थाने का समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में पुलिस स्टाफ ने दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक में चर्चा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पंचायत समिति के वीसी रूम में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एडीएम संतोष मीणा के सानिध्य में अधिकारियों की मीटिंग का आयोजन किया गया। एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा ने सभी अधिकारियों से गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने नगरपरिषद आयुक्त चारवी को सार्वजनिक स्थानों पर रोशनी करवाने और गणतंत्र दिवस पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था करने के लिए कहा। शाला प्रधानों से गरिमा के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाने की बात कही। इसी प्रकार लोहिया स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में वीरांगनाओं का विशेष सम्मान करने पर चर्चा की गई। बैठक में तहसीलदार गिरधारीलाल, आयुक्त चारवी, ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. भूपेंद्र, विकास अधिकारी रवि कुमार, सीबीईओ सुनीता पूनिया, एसीबीईओ मंजू पंवार, नगरपरिषद से तिलोकचंद, कोतवाली थाने से रामस्वरूप विश्नोई, जाजोदिया स्कूल के प्रिंसिपल कमलेश कुमार सिंघल, झंवर स्कूल से कुसुम शर्मा, भंवरलाल पांडर, रामलाल गुलेरिया, रामेश्वरलाल खिचड़, पीसीबी स्कूल के प्रिंसिपल रणवीरसिंह, कमलेश मंडावरिया सहित अनेक अधिकारी और शाला प्रधान मौजूद रहे।

## रेल समस्याओं को लेकर डीआरएम को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में अमृत भारत योजना के अंतर्गत पुनर्निर्माण का कार्य चल रहा हैं। केंद्रीय सरकार का यह प्रयास है कि प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर वहां की स्थानीय संस्कृति का प्रतिबिंब हो। रतनगढ़ एक बड़ी तपोभूमि है, यहां उनके संत और महापुरुष हुए। इसी कारण इसे छोटी काशी के नाम से जाना जाता हैं। इसी भूमि पर भाई जी श्री हनुमान प्रसाद जी पोद्दार का जन्म हुआ जिन्होंने विश्व प्रसिद्ध गीता प्रेस गोरखपुर की स्थापना की और स्वतंत्रता संग्राम में भी सक्रिय भाग लिया उनके इसी योगदान को देखते हुए मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य अनिरुद्ध दायमा, जैन श्वेतांबर सभा रतनगढ़ के मोती लाल तातेड, रतनगढ़ खुदरा विक्रेता संघ के दीपक मुरारका, अग्रवाल सेवा समिति के राधे श्याम पांडुसरिया, सैनी समाज के हीरालाल सैनी और पूनम चंद



कम्मा, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद मिश्रा, सनातन सेवा न्यास के गोविंद प्रसाद खटोड ओर उमा शंकर शर्मा, आर्यावर्त हिंदू युवा सेना के नंदकिशोर कंदोई, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के नीलेश इंदौरिया और राजेश कौशिक आदि ने डीआरएम बीकानेर को पत्र लिख कर नवनिर्मित स्टेशन पर भाई जी श्री हनुमान प्रसाद जी पोद्दार की स्मृति में उनकी मूर्ति, छवि चित्र,जीवनी आदि का उल्लेख हो,जिससे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होगी और रतनगढ़ की दिव्यता का प्रतिबिंब नजर आए। साथ ही 1 ओर पत्र, गाड़ी संख्या 14717 हरिद्वार बीकानेर का समय परिवर्तन पत्र भी लिखा है। पत्र में उल्लेख किया कि गाड़ी संख्या 14717 दोपहर 3 बजे हरिद्वार पहुंचती हैं जिससे अस्थि विसर्जन को जाने वाले उसी दिन वापस नहीं आ सकते। उनको मजबूरी में बसों की महंगी ओर जोखिम भरी यात्री करनी पड़ती है। इस गाड़ी का समय इस तरह से परिवर्तन किया जाए कि ये सुबह हरिद्वार पहुंच कर पुनः शाम को रवाना हो जाए, पत्र की प्रति स्थानीय स्टेशन मास्टर को भी सौंपी।

## भाजपा पार्षदों का धरना जारी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद कार्यालय के सामने भाजपा पार्षदों और नेताओं का धरना लगातार आठवें दिन भी जारी रहा। खास बात तो ये है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार और नगरपरिषद में विपक्ष भाजपा पक्ष के आधे से ज्यादा पार्षद धरने पर बैठे हैं, जिससे यह लगता है कि क्या भाजपा पार्षदों की सुनवाई समय पर नहीं हो रही है। धरने पर गुरूवार को भाजपा नेता नरेन्द्र गुर्जर, नरेन्द्र प्रजापत, पन्नालाल सोनी, पार्षद रेवन्तमल पंवार, पुरूषोत्तम शर्मा, गौरव इन्दौरिया, प्रेमप्रकाश स्वामी, रविन्द्र पांडे, अशोक कुमार तिवाड़ी, प्रकाश भार्गव, मनीष दाधीच, राजकुमार तेजी, विष्णु दाधीच, तुषार शर्मा, प्रदेश कुमार वाल्मिकी, महेश जोशी आदि मौजूद रहे और सरकार से कनिष्ठ अभियंता को एपीओ करने की मांग की।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

(आदेश 5 सी.पी.सी.)

**न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय तारानगर जिला चूरू**

वाद संख्या C.M (N) 01 सन् 2026

मनी देवी बनाम पी.एन.बी. शाखा बुचावास व सर्व साधारण आदि

### नोटिस बोर्ड

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मनी देवी पत्नी स्व. गोविन्दराम जाति ब्राह्मण निवासी बुचावास तहसील तारानगर जिला चूरू ने अदालत हाजा में एक वाद इस आशय का पेश किया है कि स्व. गोविन्दराम पुत्र गोधूराम जाति ब्राह्मण निवासी बचावास तहसील तारानगर जिला चूरू द्वारा खुलवाया गया पंजाब नेशनल बैंक शाखा बुचावास तहसील तारानगर के बचत खाता 3594000100007506 में जमा राशि 19,000/- रूपये अखरे उन्नीस हजार रूपये मय ब्याज तथा स्व. गोविन्दराम के के.सी.सी. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के खाता सं. 3594008800014592 में खरीफ फसल 2023 की स्वीकृत राशि जिसकी प्रार्थीनी स्वामी है उसके हक में हिन्दु उत्तराधिकार अधि. की धारा 372 के अनुसार उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने बाबत अगर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति एवं एतराज हो तो अदालत हाजा में दिनांक 25-2-26 को समय 10 ए. एम. पर उपस्थित होकर बतायें वरना मनी देवी पत्नी स्व. गोविन्दराम जाति ब्राह्मण निवासी बुचावास तहसील तारानगर जिला चूरू का उत्तराधिकारी घोषित कर दी जावेगा।

यह नोटिस मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर से दिनांक 8-1-26 को जारी किया गया।

दिनाक- 9.1.26

**आज्ञा से**
**न्यायालय अपर जिला एंव सेशन न्यायाधीश महोदय**
**तारानगर जिला चूरू**

## नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम खुर्शीदन (KHURSEEDAN) से बदल कर खुर्शीदन (KHURSHEDAN KAYAMKHANI) कायमखानी रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम खुर्शीदन कायमखानी (KHURSHEDAN KAYAMKHANI) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

**खुर्शीदन कायमखानी पत्नी मोहम्मद आरीफ खान, निवासी होली धोरा, वार्ड नं 25, सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान।**

## नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम छगन लाल सरावगी (CHHAGAN LAL SARAWAGI) से बदल कर छगन लाल सांसी (CHHAGAN LAL SANSI) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम छगन लाल सांसी (CHHAGAN LAL SANSI) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

**छगन लाल सांसी पुत्र बिशना राम निवासी बासी आथुणी, तहसील सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

## डॉ अनूप सैनी बने सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश सचिव

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ के सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा रजि. राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट डॉ. महेश कुमार सैनी ने संगठन का विस्तार करते हुए डॉ अनूप सैनी चूड़ीवालों की हवेली के पास नवलगढ़ झुंझुनूं को राजस्थान प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पत्रकार सुभाष चौबदार प्रदेश मीडिया प्रभारी राजस्थान की अनुशंसा पर की गई। आपके सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण को देखते हुए सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा राजस्थान की कार्यकारणी में ये नियुक्ति दी गई है।

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 5402-5418 दिनांक :- 15/01/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः 48 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है ।

NIB No. - PWD2526A5198

| S.No. | UBN NO. |
|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB21031 |

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड चूरू**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रंगाईसर पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक 17-18 दिनांक :- 14.01.2026

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रंगाईसर में विभन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https//sppp.rajasthan.gov.in और https//eproc.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN-
PDN2526WSOB00317, PDN2526WSOB00318, PDN2526WSOB00319

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रंगाईसर**
**पंचायत समिति सरदारशहर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत रंगाईसर**
**पंचायत समिति सरदारशहर**

## गौमाता को प्लास्टिक खाते देख व्यथित हुए पंडित राजाराम

**नवलगढ़(निस)।** कस्बे में बस डिपो के पास राजकीय महाविद्यालय के पीछे बेसहारा गौमाता को प्लास्टिक खाते देख पंडित राजाराम महाराज ने गहरी पीड़ा व्यक्त की। चित्रकूटधाम (मध्यप्रदेश) से यात्रा के दौरान नवलगढ़ पहुंचे महाराज ने कहा कि शिक्षा के मंदिर के समीप कचरे के ढेर और बिना सुरक्षा के फैला प्लास्टिक गौमाता के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से शीघ्र कार्रवाई कर इस स्थान से कचरा हटाने तथा गौमाता की रक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की अपील की। महाराज ने कहा कि गौमाता की उपेक्षा समाज के लिए अशुभ संकेत है, इसे रोकने के लिए तुरंत कदम उठाए जाने चाहिए।

## 15 कार्यालय नगरपालिका, सरदारशहर (जिला चूरू)

Ph. 01564-220681, 220030 Email-conpsdr@gmail.com

क्रमांक- न. पा. स. / 2025-26 / भूमि / विज्ञप्ति 1807 दिनांक 12-1-26

### सार्वजनिक-सूचना

इस कार्यालय में कृषि भूमि नियमन / 69-अ नियमन के अन्तर्गत आवेदन प्राप्त होकर आवासीय पटटा जारी करने की मांग की गयी है जिनका विवरण निम्नानुसार है-

| क.सं. | प्रार्थी का नाम | आवेदित भूमि का स्थान / वार्ड सं. | आवेदित भूमि का क्षेत्रफल वर्गमीटर में | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती नीलम सोनी / श्री रविकान्त सोनी | जम्मडो का कुवे के पास वार्ड नं. 12 सरदारशहर | 256.97 | 69-अ नियमन |
| 2. | श्रीमती अनिता सोनी / श्री श्यामसुन्दर सोनी | जम्मडो का कुवे के पास वार्ड नं. 12 सरदारशहर | 175.65 | 69-अ नियमन |
| 3. | श्री मनफूल सिह / लादुराम | बाबू शोभाचन्द जम्मड भवन के पास | 51.83 | 69-अ नियमन |
| 4. | श्री रामलाल / जेठाराम जाट | बाबू शोभाचन्द जम्मड भवन के पास | 273.04 | 69-अ नियमन |
| 5. | श्री जोतराम / चन्दनमल जाट | बाबू शोभाचन्द जम्मड भवन के पास | 52.69 | 69-अ नियमन |
| 6. | श्रीमती वीणा देवी / संजयकुमार जैसनसरीया | मुक्ति भवन के पास वार्ड नं. 15 | 113.01 | 69-अ नियमन |
| 7. | श्री कनकमल / कन्हैयालाल | डागा मार्ग वार्ड नं. 13 | 148.70 | 69-अ नियमन |
| 8. | श्रीमती राखी / कनकमल सिरोहिया | उत्तरादा बाजार वार्ड नं. 42 | 58.0 | 69-अ नियमन |
| 9. | श्रीमती मीरादेवी / सागरमल दीक्षित व विनय कुमार कनक कुमार पुत्रगण सागर दीक्षित | पींचा बास वार्ड नं. 21 सरदारशहर | 216.35 | 69-अ नियमन |
| 10. | श्रीमती उर्मिला / ओमप्रकाश सैनी | सरस्वती विधालय के पास वार्ड नं. 21 | 434.94 | 69-अ नियमन |
| 11 | श्री ओमप्रकाश / ज्ञानीराम सैनी | सरस्वती विधालय के पास वार्ड नं. 21 | 520.44 | 69-अ नियमन |
| 12. | श्री प्रसन्न लूणिया / हंसराज लूणिया | लूणिया बास रिलायन्स टावर वार्ड नं. 21 | 520.06 | 69-अ नियमन |
| 13. | श्री श्यामसुन्दर / गणपतराम | सुरज कॉलोनी खसरा नं. 302 | 148.69 | कृषि भूमि नियमन |
| 14. | श्री रेणुका / श्यामसुन्दर | सुरज कॉलोनी खसरा नं. 302 | 148.69 | कृषि भूमि नियमन |
| 15. | श्रीमती सरिता देवी / ओमप्रकाश सारण | कच्चा बस स्टेण्ड के पास खसरा नं. 61 | 33.45 | कृषि भूमि नियमन |

उक्त पटटा जारी करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो तो मय प्रमाण 07 दिवस अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।

**(राजकरण चौधरी)**
**सभापति -**
**नगरपरिषद सरदारशहर**

**आयुक्त**
**नगरपरिषद सरदारशहर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कातर छोटी, पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक :- 216 दिनांक :- 14.01.2026

### -: निविदा सूचना :-

ग्राम पंचायत कातर छोटी में वर्ष 2025-26 विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यो हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। इस हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक/ फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http://eproc.Rajasthan.Gov.In एवं Http://sppp.Rajasthan.Gov.In देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | NIB NO | UBN NO | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सीसी सड़क मय नाली निर्माण कार्य सीकर नोखा सड़क से मोहनसिंह के घर सुरजनसिंह के घर होते हुए पेमसिंह के घर की ओर कातर छोटी | ZCR2526A1292 | ZCR2526WSOB02230 | |
| 2 | पानी निकासी हेतु सीसी सड़क मय नाली निर्माण कार्य पंचायत भवन से के घर से भंवरलाल के घर की ओर कातर छोटी | ZCR2526A1293 | ZCR2526WSOB02231 | |
| 3 | पानी निकासी हेतु सीसी सड़क मय नाली निर्माण कार्य प्रहलाद के घर से हरिराम के घर होते हुए श्रीराम के घर की ओर कातर छोटी | ZCR2526A1294 | ZCR2526WSOB02232 | |
| 4 | पानी निकासी हेतु सीसी सड़कद मय नाली निर्माण कार्य पुरखाराम पड़िहार के घर से अन्नी सुगनाराम के घर होते हुए गणेश पड़िहार के घर की ओर कातर छोटी | ZCR2526A1295 | ZCR2526WSOBO2233 | |
| 5 | पानी निकासी हेतु सीसी सड़क मय नाली निर्माण निर्माण कार्य मेघवाल सामुदायिक भवन से जगदीश के घर की ओर कातर छोटी | ZCR2526A1296 | ZCR2526WSOB02234 | |
| 6 | ओपन जिम कार्य खेल मैदान कातर छोटी | ZCR2526A1297 | ZCR2526WSOB02235 | |
| 7 | रा उ मा विधालय में कुण्ड निर्माण कार्य कातर बड़ी | | ZCR2526WSOB02236 | |
| 8 | उपस्वस्थ्य केन्द्र में कुण्ड निर्माण कार्य मालासर | | ZCR2526WSOB02237 | |
| 9 | घर-घर कचरा संग्रहण एवं सामूदायिक स्वच्छता परिसर व सड़क व नाली की साफ-सफाई का कार्य छः माह हेतु ग्राम कातर बडी | ZCR2526A1298 | ZCR2526SSOB02238 | |
| 10 | घर-घर कचरा संग्रहण एवं सामूदायिक स्वच्छता परिसर व सड़क व नाली की साफ-सफाई का कार्य छः माह हेतु ग्राम शिवपूरी | | ZCR2526SSOB02239 | |
| 11 | घर-घर कचरा संग्रहण एवं सामूदायिक स्वच्छता परिसर व सड़क व नाली की साफ-सफाई का कार्य छः माह हेतु ग्राम कातर छोटी | | ZCR2526SSOB02240 | |
| 12 | घर-घर कचरा संग्रहण एवं सामूदायिक स्वच्छता परिसर व सड़क व नाली की साफ-सफाई का कार्य छः माह हेतु ग्राम मालासर | | ZCR2526SSOB02241 | |

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत कातर छोटी, पंचायत समिति बीदासर**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत कातर छोटी, पंचायत समिति बीदासर**

## OFFICE OF GRAM PANCHAYAT NYORANA P.S. PATAN (SIKAR)

S.No. : 128 DATE : 15/01/2026

### Notice Inviting Bid

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 22.01.2026, 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in&http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS : 800000

UBN No.PKP2526WSOB00270

**PRASHASHAK**
**G.P. NYORANA**

**VDO**
**G.P. NYORANA**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जैतासर पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक :- 70-71 दिनांक :- 14.01.2026

### नविदा सूचना 2025-26

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2025-26 में विभन्न कार्यो के लिये इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया सेवेबसाईट https// eproc. rajasthan. gov.in पर आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https// eproc. rajasthan.gov.in एवं https//sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN-
PDN2526WSOB00313, PDN2526WSOB00314, PDN2526WSOB00315, PDN2526WSOB00316

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत जैतासर**
**पंचायत समिति सरदारशहर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत जैतासर**
**पंचायत समिति सरदारशहर**

# मकर संक्रांति पर अंचलभर में आस्था, उल्लास और दान-पुण्य की धूम


चूरू।


सुजानगढ़।


सरदारशहर।


सरदारशहर।


जाजोद।


मण्डावा।


तारानगर।


सालासर।

**जयपुर टाइम्स**

**चूरू।** स्थानीय हनुमानगढ़ी गौ सेवा धाम की ओर से संचालित गौशाला परिसर व सुभाष चौक पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को मकर संक्रांति के अवसर पर तुला दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहरवासियों व आसपास के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तुलादान प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया, जिसमें गुड़, बाजरा, गेहूं, ज्वार आदि अनाज से अपने वजन के बराबर गौ सेवा निमित दान किया गया। संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र दाधीच ने बताया कि लगातार संस्था के स्थापना से लेकर अब तक दानदाताओं के सहयोग से चूरू स्थित गाजसर में गौशाला मय चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा है, जिसमें अभी तक 20 हजार गोवंश का उपचार किया गया है। इस दौरान संस्था के इंद्रचंद शर्मा, पंकज पापटाण, घनश्याम धूत, रामावतार शर्मा, किशोर सैनी, सुभाष सैनी, सुनील शर्मा, कमल गोरसिया, अरविंद पांडे सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**सुजानगढ़।** सुजानगढ़ में मकर संक्रांति के अवसर पर दिनभर दान पुण्य का सिलसिला चला। वहीं इंग्लैंड से भारत घूमने आई महा खान पतंगबाजी देखकर गदगद हो गई। पतंगबाजी करते हुए महा खान ने बताया कि भारत की संस्कृति काफी समृद्ध है और यहां के लोग त्यौहारों को उत्सव के साथ मनाते हैं, जो मुझे काफी अच्छा लगा। वहीं दोपहर के तीन बजे तक हवा ने पतंगबाजों को निराश किया। लेकिन तीन बजे के बाद हवा चली और आसमान में रंग बिरंगी पतंगे नजर आई और आसमान कलरफुल हो गया। वहीं घरों में लोग गुलगले बड़े और घेवर फिनी तिल के लड्डुओं का आनंद लेते नजर आए।

**सरदारशहर।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्टाफ के साथ छात्राओं ने पतंग बाजी का उत्साह के साथ आनंद लिया। साथ ही महाविद्यालय में इस अवसर पर पोषबड़ा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पतंगबाजी प्रतियोगिता में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेश चाहर के साथ समस्त संकाय सदस्य व छात्राओं ने पतंगबाजी का जमकर लुत्फ उठाया। पतंगबाजी प्रतियोगिता में भावना ने प्रथम स्थान एवं विनोद ने द्वितीय तथा साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय संकाय सदस्य व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

**सरदारशहर।** शहर में मकर संक्राति पर्व पर बुधवार सुबह से ही लोग छतों पर चढ़ गए और जैसे जैसे सूर्य ऊपर चढ़ता गया वैसे-वैसे आसमान में पतंगों की संख्या भी बढ़ती गई और देखते ही देखते आसमान पूरी तरह रंग बिरंगी पतंगों से छा गया। छतों पर लोग डीजे की धुन पर जमकर लोग पतंगबाजी करते हुए नजर आ रहे हैं। पतंगबाजी के बढ़ते प्रचलन में पुरुषों के साथ युवतियां और महिलाएं भी पतंगबाजी का जमकर लुफ्त उठा रही है। चारों ओर वो काटा वो मारा के शोर सुनाई दे रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चे भी मकर सक्रांति पर्व पर पतंगबाजी का जमकर लुफ्त उठाया। वहीं आसमान में कटी पतंग भी खूब नजर आ रही थी। वार्ड 16 में पतंगबाजी करने वाली युवती एकता सोनी, रौनक सोनी व दीपिका प्रजापत ने बताया कि सुबह 8 बजे से ही हम पतंगबाजी के लिए छतों पर चढ़ गई थी और शाम तक जमकर पतंगबाजी का लुफ्त उठा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पतंगबाजी का उत्साह देखने को मिला। मेहरासर चाचेरा की वंदना पारीक ने कहा कि ऐसा नहीं है कि सिर्फ लड़के ही पतंगबाजी करते हैं, हम लड़कियां भी जमकर पतंगबाजी का लुफ्त उठा रही है। प्रियांशू, सोनू ने बताया कि मकर सक्रांति पर्व पर हमने पतंगबाजी की तैयारियां पहले दिन ही पूरी कर ली थी और अब जमकर पतंगबाजी का लुफ्त उठा रहे हैं। इसके साथ-साथ ही घरों में तरह-तरह के पकवान भी बनाए गए हैं। पतंगबाजी के साथ-साथ छत के ऊपर ही बने हुए पकवान भी खा रहे थे। एकता सोनी ने बताया कि पतंगबाजी का अपना ही एक महत्व होता है। पतंग संदेश देता है कि किसी भी परिस्थिति में हमें गिरना नहीं चाहिए। एक डोर के सहारे हम आसमान की ऊंचाई को छू सकते हैं। वंदना पारीक ने कहा कि सुबह से हम पतंग उड़ा रहे हैं और हमारी काफी पतंग कटी है और हमने काफी पतंग काटी भी है। वहीं छतों पर जिस और देखो सब पतंगबाजी करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं पतंगबाजी के लिए शहर में जमकर चाइनीज धागे का उपयोग किया जा रहा है। जिसके चलते आसमान में से पक्षियों की संख्या पूरी तरह से गायब नजर आ रही है। प्रशासन की लगातार कार्रवाई के बाद भी लोग जमकर चाइनीज मांझे का उपयोग करते हुए नजर आए। चाइनीज धागा पक्षियों के साथ-साथ इंसानों के लिए भी जानलेवा साबित होता है। वहीं पतंगबाजी कर रही शालू, मोनिका और ममता ने बताया कि भले ही हमारे पतंग लगातार कट रहे हैं। लेकिन हमने इस बार चाइनीज मांझे का पूरी तरह से बहिष्कार किया है ताकि पक्षी भी आसमान में स्वतंत्र रूप से उड़ सकें। मकर संक्रांति के अवसर पर शहर में दान पुण्य का दौर भी जारी रहा। इस अवसर पर खुशबू प्रजापत, तनुजा राजपूत, भव्या राजपूत, लक्ष्मी सोनी, दिव्या प्रजापत, रौनक सैनी, आरुषि चौधरी, पलकु जांगिड़, परी जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में युवतियों ने पतंगबाजी का लुफ्त उठाया।

**जाजोद।** ग्राम पंचायत जाजोद में बुधवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर लोगों ने काफी दान पुण्य किया। जाजोद के वार्ड नंबर 7 में स्थित एएसआई भागुराम नायक व प्रहलाद नायक ने खाना खिलाकर व पौषबड़े वितरित कर दान पुण्य किया। भागूराम नायक ने बताया कि पौषबड़े का आयोजन पाबूजी महाराज मंदिर में भोग लगाकर वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि हर साल मकर संक्रांति पर पौषबड़े का आयोजन करते आ रहे है। मकर संक्रांति एक महत्वपूर्ण त्योहार है जिसमें खूब दान पुण्य किया जाता है। इस दिन विशेष रूप से दान, धार्मिक कार्य और पुण्य के लिए अत्यधिक शुभ माना जाता है। इस दिन दान करने से सूर्य देव की कृपा प्राप्त होती है और स्वास्थ्य में सुधार होता है। मकर संक्रांति पर दान करने से व्यक्ति को शुभ फल और पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दौरान प्रहलाद नायक, संजय, अशोक कुमार, अनिल कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

**मण्डावा।** मकर संक्रांति के पर्व पर बुधवार को पूरे कस्बे में पतंग बाजी का रोमांच देखने को मिला। छतों पर पुरुष, महिलाएं और बच्चे भी पूरे जोश और उत्साह के साथ पतंग उड़ाते हुए नजर आए। होटल हेरिटेज में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें होटल मैनेजमेंट और पुराने साथियों की टोली के बीच मुकाबला हुआ। दोनों ही टीमों ने शानदार पतंगबाजी की और आपस में पेंच लड़ाते हुए वह काटा वह मारा आवाज के बीच शानदार पतंगबाजी की। वही इस पतंग प्रतियोगिता में पुराने साथियों की टोली विजेता रही। प्रतियोगिता में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष अरविंद पारीक, पर्यटन विशेषज्ञ मधुसूदन खेमानी, भामाशाह शंकर लाल सुरोलिया, किशोर सिंह राठौड़, सज्जन लाल शर्मा, मास्टर मदनलाल ढाका, विद्याधर सैनी, विष्णु दुगोलिया अरविंद भूकाणिया, महेश थालिया प्राचार्य जवाहरलाल काला ने पतंग प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं दूसरी और थलिया हवेली पर विदेशी सैलानियों ने भी पतंगबाजी का लुप्त उठाया। पर्यटन व्यवसायी किशोर थलिया के नेतृत्व में सैलानियों ने पतंग उड़ा कर मकर संक्रांति का पर्व मनाया। वहीं कस्बे की हर घर की छत पर पतंगबाजी करने वालों की भीड़ दिनभर लगी रही, कोई पतंग की कन्नी बांधने में माहिर दिखा तो कोई चरखी थामकर अपने साथी का हौसला बढ़ाते नजर आए। एक ओर आसमान में रंग-बिरंगी पतंगों का तांता लगा रहा, वहीं दूसरी ओर मंदिरों और गौशालाओं में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। सुबह से ही लोगों ने गायों को गुड़ और लापसी खिलाकर पुण्य लाभ कमाया। कई जगहों पर तिल के लड्डू बांटे गए। छतों पर गरमा- गरम पकौड़ों और चाय का दौर भी चलता रहा। कस्बे की हर गली, हर मोहल्ला उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। बुजुर्ग छतों पर बैठकर बच्चों का उत्साह बढ़ाते दिखे तो युवा पेंच लड़ाने में व्यस्त रहे। अपने परिवार सदस्यों के छत पर बैठकर मकर संक्रांति के पर्व को यादगार बनाया।

**तारानगर।** हर वर्ष की भांति बुधवार को भी मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर तारानगर शहर के वार्ड 02 स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में वार्डवासियों की ओर से साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया। भाजपा नेता राकेश जांगिड ने सार्वजनिक मुक्तिधाम पहुंचकर मोहल्लेवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ देते हुए इस नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान जगदीश सैनी, लालचंद जांगिड, किशनसिंह राठौड़, पंडित मोतीलाल व्यास, रामचंद्र छाबड़ा, राजेंद्र जांगिड, हरि प्रजापत, शुभकरण टाक, महावीर नाई, गजानंद जांगिड, ओमप्रकाश जांगिड, लालचंद, जीवनसिंह राठौड़, कमल छाबड़ा, संपत सैनी, प्रकाश छाबड़ा, पंकज जांगिड, छगन जांगिड, सुरेंद्र करनावत, सोहन गुरी, सांवरमल नाई, हेमंत व्यास, नथू चुईल, हनुमान, रामलाल, सुनील, रणजीत, बाबूलाल, वीरेंद्र सिंह सहित मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

**सालासर।** मकर संक्रांति पर बुधवार को दिनभर पतंगबाजी का लुत्फ उठाने के लिए सालासर धार्मिक नगरी में लोग छतो पर रहे। धार्मिक नगरी में महिलाए दिनभर दान पुण्य का कार्य करके मकर सक्रांति मनाई। वही बच्चे व युवा छतो पर पतंगबाजी करते रहे। मौसम भी दिन भर साफ रहा। दोपहर बाद मौसम का रूख बदलने के बाद लोगो ने खूब पतंगबाजी कर आनन्द लिया। इस दौरान लोगो ने छतो पर डीजे की धुन के बीच वो काटा वो काटा का आनन्द लिया। यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मनोज ढाका ने बताया कि डीजे की धुन पर युवा व बुजुर्गो व बच्चो ने छतो पर रंग बिरंगी पतंगे उड़ाई। महिलाओ ने पतंगबाजी में साथ देकर खूब आनन्द लिया। सालासर के व्यापार मंण्डल के अध्यक्ष राजकुमार ढाका ने बताया कि सालासर धाम में पतंगबाजी का खास उत्साह देखने को मिला।

**सरदारशहर।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्टाफ के साथ छात्राओं ने पतंग बाजी का उत्साह के साथ आनंद लिया। साथ ही महाविद्यालय में इस अवसर पर पोषबड़ा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पतंगबाजी प्रतियोगिता में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेश चाहर के साथ समस्त संकाय सदस्य व छात्राओं ने पतंगबाजी का जमकर लुत्फ उठाया। पतंगबाजी प्रतियोगिता में भावना ने प्रथम स्थान एवं विनोद ने द्वितीय तथा साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय संकाय सदस्य व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# दान में दी गई हवेली को हड़पने का षड्यंत्र नाकाम

## श्वेता चौहान का शानदार अभिनय

**जयपुर टाइम्स**



**मण्डावा(निस)।** कस्बे की थलिया हवेली में अद्भुत दृश्य देखने को मिला। यह सब कुछ दृश्य कैमरे में कैद किया गया खाटू वाले श्याम बाबा के नाम से बन रहे नए गाने को लेकर। फिल्म अभिनेत्री तथा हरियाणा व पंजाब की मशहूर कलाकार श्वेता चौहान के साथ कई कलाकारों को लेकर इस गाने के मार्मिक दृश्य शूट किए गए। कहानी के मुताबिक राजा मानवेंद्र सिंह चौहान अपनी हवेली को श्री श्याम शरणम अनाथ आश्रम को दान में दे देते देते हुए वसीयत जमुनादास व कुमारी श्वेता देवी के नाम से कर देते हैं। और राजा की मृत्यु के बाद कुंवर साहब अपनी प्रॉपर्टी को षड्यंत्र के तहत वापस लेने के हथकंडे अपनाते हैं और जमुनादास व श्वेता देवी को लगातार प्रताड़ित करते हैं और अंत तक वह हार नहीं मानती है और श्याम बाबा के भरोसे सब कुछ छोड़ देती है और बाबा की ऐसी कृपा होती है कि षड्यंत्र रचने वाले एक-एक रास्ते से हटते जाते हैं और अंत में कुंवर जो प्रॉपर्टी के कागजात छीन कर ले जाता है वहीं वापस पैरों में गिरकर माफी मांगते हुए श्वेता देवी को सौंप देता है। इसमें श्वेता चौहान ने शानदार अभिनय कर एक अच्छा कलाकार होने की छाप छोड़ी। श्वेता चौहान खुद श्याम बाबा की बड़ी भक्त है और उनके आशीर्वाद की बदौलती आज नई ऊंचाइयों को छू रही है। इसमें किशोर थलिया, जितेंद्र सिंह, राजन सहित अन्य कई कलाकारों ने अलग-अलग किरदार में अभिनय किया। डायरेक्टर सोही थे व प्रोडक्शन इंचार्ज बल्ली चंडीगढ़, रोहित, नीरज कुमार के अलावा बलवीर थलिया, कृष्ण थलिया, वासु थलिया, अनिल पटेल, अंजलि का विशेष योगदान रहा। तथा श्याम बाबा के गीत हो बाबा दर्शन दिलाओ ना, मुझे अपना बनाओ ना, आपकी शरण में खड़ी हूं को आवाज जानी मानी सिंगर स्वस्ति मेहुल ने दी है।

# मकर संक्रांति पर फेस्टिव टूरिज्म का रंग, देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए 'पतंगबाजी आला-कार्ट'

**जयपुर टाइम्स**



**मण्डावा(निस)।** मकर संक्रांति पर मण्डावा की पतंगबाजी अब केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि फेस्टिव टूरिज्स की पहचान बनती जा रही है। इसी कड़ी में यहां के कई प्रमुख होटलों ने इस बार त्योहार को एक संपूर्ण अनुभव में ढालते हुए 'पतंगबाजी आला-कार्ट' तैयार किया है । छतों पर सजे काइट फेस्टिवल, म्यूजिक, पारंपरिक और फ्यूजन स्वादों से भरे मेनू, लाइव स्नैक्स काउंटर और मण्डावा के मनोरम दृश्य ये सभी मिलकर मकर संक्रांति को देशी-विदेशी पावणों के लिए यादगार बनाएंगे। राजस्थान पर्यटन के लिए सर्दियों का मौसम हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहा है. होटल इंडस्ट्री अब त्योहारों को डेस्टिनेशन एक्सपीरियंस में बदलकर सैलानियों को स्थानीय संस्कृति से जोड़ने पर जोर दे रही है. पतंगबाजी, 'वो काटा...वो मारा' की गूंज और पारंपरिक स्वाद ने जयपुर की मकर संक्रांति को एक खास पहचान दी है। मण्डावा के होटल्स में 14 और 15 जनवरी को काइट फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। फतेहपुर बस स्टैण्ड स्थित सिंघासन हवेली होटल मैनेजर संदीप शर्मा ने बताया कि दोपहर से मेहमानों का आगमन शुरू होगा। पतंग, डोर, बैठने की व्यवस्थाएं और बच्चों के लिए विशेष जोन बनाए गए हैं। पूरा सेटअप होटल की टेरिस पर तैयार किया गया है, जहां से शहर की छटा और आसमान में लहराती रंग-बिरंगी पतंगों के साथ उत्सव एंजॉय किया गया। संदीप शर्मा बताते हैं कि सर्दियों में मेहमानों को गर्मागर्म, चटपटा और स्पाइसी खाना पसंद आता है. इसी को ध्यान में रखते हुए मेनू तैयार किया गया है, जिसमें देशी स्वाद के साथ हल्का फ्यूजन भी शामिल है, ताकि विदेशी मेहमान भी इस अनुभव का आनंद ले सकें। बहरहाल, मकर संक्रांति पर मण्डावा के होटल्स की ये पहल दर्शाती है कि किस तरह पारम्परिक त्योहार, स्वाद और पर्यटन को जोड़कर एक नया फेस्टिव टूरिज़्म अनुभव रचा जा सकता है। पतंगों से सजा आसमान, छतों से दिखता हेरिटेज सिटीऔर थाली में जायकेदार व्यंजन ये संगम न सिर्फ देशी, बल्कि विदेशी सैलानियों को भी राजस्थान की सांस्कृतिक आत्मा से जोड़ा गया है।

# हरियाणवी एक्ट्रेस श्वेता चौहान मंडावा पहुंची



**जयपुर टाइम्स**

**मण्डावा(निस)।** प्रसिद्ध हरियाणवी- पंजाबी एक्ट्रेस और मॉडल, राष्ट्रवादी संगठन सैल्यूट तिरंगा उत्तर प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्वेता चौहान मंडावा में शूटिंग के लिए पहुंची। पर्यटन स्थल थलिया हवेली में श्वेता चौहान ने श्याम बाबा को समर्पित गाने की शूटिंग की। श्वेता चौहान ने विशेष बातचीत में कहा कि शूटिंग के लिए मंडावा पहली बार आई हूं अब तक यहां का नाम सुना वह फिल्मों में ही देखा था। यहां की ऐतिहासिक हवेलियां देखकर दिल खुश हो गया। श्वेता ने बताया कि यहां की हवेलियों में एक कनेक्ट है रियल जो हमें चाहिए होता है ना कि पहले लोग कैसे रहते थे, कैसा कल्चर था उसे हम कनेक्ट हुए हैं, हरियाणवी पंजाबी गानों के साथ वेब सीरीज में भी मैंने काम किया है और खाटू वाले श्याम बाबा से परमिशन लेकर ही यहां शूटिंग करने आई हूं बाबा का गाना है, तो आशीर्वाद लेना भी जरूरी है। श्वेता चौहान ने कहा कि खासकर यहां के लोग अच्छे हैं। बाबा की कृपा से सब कुछ अच्छा होगा, मैं तो यही कहना चाहूंगी जिनको भी शूटिंग करनी है और रियल प्रॉपर्टी चाहिए व हवेलियां में राजावाला फील देखने को मिलता है प्री वेडिंग, फिल्म शूटिंग के लिए एक बार मंडावा जरूर आए, यहां का स्ट्रक्चर बहुत बढ़िया है। श्वेता चौहान ने कहा कि भगवान के प्रति सब की आस्था होती है और श्याम बाबा की बदौलत सब कुछ मिल रहा है, शेखावाटी का कलर मुझे अच्छा लगा। यह श्याम बाबा का भजन सुपर डुपर हिट हो इसलिए मंडावा वासियों को ही सौंपकर जा रही हूं।

# प्रकाश पाठशाला में ओरल हेल्थ केयर कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर टाइम्स**



**रतनगढ़(निस)।** श्री शिक्षण व सेवा संस्थान जयपुर और महिला विकास संस्थान रतनगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को राजकीय प्रकाश उच्च माध्यमिक विद्यालय रतनगढ़ में ओरल हेल्थ केयर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महिला विकास संस्थान की अध्यक्ष व पूर्व शिक्षाधिकारी पुष्पलता मंडार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि स्थानीय भाजपा प्रवक्ता कौशल्या सैनी व संस्था प्रधान विक्रमसिंह चौहान मंचस्थ अतिथि रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुष्पलता मंडार ने अपने प्रभावी उद्बोधन में विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, दैनिक मुख शुद्धि, परिवेश की स्वच्छता व वैचारिक शुचिता के प्रति सतत जागरूक रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ संस्कार, अनुशासन, स्वाध्याय और संयमित दिनचर्या सफल जीवन का मुख्य आधार होती हैं। संस्था प्रधान विक्रम सिंह चौहान ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया और विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में श्री शिक्षण व सेवा संस्थान तथा महिला विकास संस्थान की तरफ से सभी 387 विद्यार्थियों को टूथपेस्ट और ब्रश प्रदान किए गए। इस मौके पर एसएमसी के सदस्य पन्नालाल नवल, हनुमान प्रसाद गाडगिल, खेताराम गाडगिल, भंवरलाल गाडगिल, व्याख्याता मधुबाला टेलर, चंदा सोनी, सुबेसिंह जाखड़, असलम खान, संपत मीणा, शुभकरण दायमा, उर्मिला चौधरी, संतोष शर्मा व विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक राकेश गहलोत ने किया।